जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

जालोर

Rashtradoot

फोनः- 226422, 226423 फैक्सः- 02973-226424 वर्षः 19 संख्याः 173 प्रभात जालोर, शनिवार 28 सितम्बर, 2024 पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## भाजपा में भारी हड़कम्प: नड्डा के बाद संजय जोशी पार्टी के अध्यक्ष होंगे!

### आर.एस.एस. के प्रमुख मोहन भागवत ने संजय जोशी को अध्यक्ष बनाने का निर्णय ले लिया है

- भागवत के सामने दो और विकल्प, मध्य प्रदेश के पूर्व मु.मंत्री शिवराज सिंह चौहान व राजस्थान की पूर्व मु.मंत्री वसुंधरा राजे के नाम भी प्रस्तुत किये गये, पार्टी के नये अध्यक्ष के लिये।
- पर, मोहन भागवत ने, राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी के संगठन मंत्री के उनके अनुभव को ध्यान रखते हुए, संजय जोशी का चयन किया है।
- जोशी ने नागपुर से इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की थी तथा वे आर.एस.एस. के पूर्णकालीन प्रचारक हैं व अविवाहित हैं।
- 2005 में एक फर्जी वीडियो प्रचारित हुआ था, जिसमें संजय जोशी को एक महिला के साथ "कॉम्प्रोमाइज़िंग पोज़ीशन" में दिखाया गया था, जिसके बाद संजय जोशी को भाजपा से निष्काशित कर दिया गया था।
- एक समय था, जब प्र.मंत्री मोदी व संजय जोशी निकटस्थ मित्र थे तथा जोशी गुजरात के संगठन मंत्री थे लेकिन, अनबन के बाद मोदी को दिल्ली भेज दिया गया था, राष्ट्रीय स्तर पर महामंत्री मंत्री बनाकर।
- 2005 में जब मोदी मुख्यमंत्री बने तो जोशी को दिल्ली भेज दिया गया। वहाँ उन्होंने संगठन मंत्री के रूप में अच्छी भूमिका निभायी थी, अतः उन्हें अब अध्यक्ष बनाने की बात भागवत ने कही है।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 27 सितम्बर। भारतीय जनता पार्टी में इन दिनों काफी बवाल मचा हुआ है क्योंकि आर.एस.एस. प्रमुख मोहन भागवत ने भाजपा के अध्यक्ष पद के लिए संजय जोशी का नाम आगे किया है। नागपुर के बांसठ वर्षीय संजय जोशी ने इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त की है। अविवाहित जोशी संघ के पूर्णकालिक प्रचारक हैं। जोशी को 2005 में तब भाजपा से निकाल दिया गया था जब एक महिला के साथ उनके विवादास्पद लिंक की एक सीडी वायरल हुई थी।

चर्चा है कि आर.एस.एस. प्रमुख मोहन भागवत जे.पी. नड्डा का कार्यकाल खत्म होने के बाद संजय जोशी को भाजपा का अध्यक्ष बनवाना चाहते हैं। नड्डा का कार्यकाल इस वर्ष के अंत में खत्म हो रहा है। दो अन्य नाम भी चर्चा में हैं। ये हैं केन्द्रीय मंत्री व मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे। आर.एस.एस. ने दोनों नाम ठुकरा दिए हैं तथा यह जोशी को इस पद पर देखना चाहता है क्योंकि जोशी भाजपा के संगठन महामंत्री के पद पर काम करने का अनुभव है, इससे पहले वे गुजरात में भाजपा के संगठन महामंत्री थे।

जोशी और मोदी कभी घनिष्ठ मित्र थे, पर मोदी समर्थकों ने 17 साल पहले दोनों के बीच मतभेद करवा दिए उसके बाद मोदी ने जबरन जोशी को वनवास दे दिया। जोशी गुजरात में भाजपा के संगठन मंत्री के रुप में बेहद सफल साबित हुए और उनके समय में ही

( शेष पृष्ठ 3 पर )

## मातृभूमि के श्रेयांश कुमार आई.एन.एस. के अध्यक्ष निर्वाचित

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 27 सितम्बर। समाचार पत्र प्रकाशकों की सर्वोच्च संस्था इण्डियन न्यूज़ पेपर सोसायटी की 85वीं वार्षिक जनरल मीटिंग में वर्ष 2024-25 के लिए मातृभूमि के एम.वी. श्रेयांश कुमार को अध्यक्ष चुना गया है वे आज समाज के राकेश शर्मा को स्थान

- वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई 85वीं जनरल मीटिंग में राष्ट्रदूत साप्ताहिक के सोमेश शर्मा कार्यकारिणी सदस्य चुने गये हैं।

लेंगे। सन्मार्ग के विवेक गुप्ता डिप्टी प्रैसिडैंट, लोक मत के करण राजेन्द्र दर्डा वाईस प्रैसिडैंट व अमर उजाला के तन्मय माहेश्वरी कोषाध्यक्ष चुने गए हैं।

वीडियो कॉन्फ्रैंसिंग के जरिए हुई इस वार्षिक बैठक में राष्ट्रदूत साप्ताहिक के सोमेश शर्मा सहित 41 कार्यकारिणी सदस्य चुने गए हैं।

## पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ के इस्तीफे की चर्चा जोरों पर

### भाजपा नेता इसे अफवाह बता रहे हैं, पर, सुनील जाखड़ मौन हैं

- अगले माह होने वाले पंचायत चुनावों को देखते हुए इस चर्चा ने भाजपा के समक्ष चुनौती खड़ी कर दी।
- वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं लोकसभा स्पीकर, स्व. बलराम जाखड़ के पुत्र सुनील जाखड़ ने मई 2022 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता ली थी, तुरंत ही उन्हें राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल किया गया, फिर पंजाब भाजपा का अध्यक्ष बना दिया गया।
- भाजपा में सुनील जाखड़ को इस शुरुआती सफलता को भाजपा के संघ पृष्ठभूमि वाले नेता स्वीकार नहीं कर पाए, जाखड़ शुरु से ही उनके निशाने पर हैं।
- जाखड़ ने उपेक्षा का आरोप लगाकर कांग्रेस छोड़ी थी और उन्हें लगता है कि भाजपा में उनकी अवहेलना हो रही है। रवनीत सिंह बिट्टू को केन्द्रीय मंत्री बनाना भी जाखड़ की नाराज़गी का कारण है।

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 27 सितम्बर। अगले महीने होने वाले पंचायत चुनावों से ठीक पहले, पंजाब भाजपा अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के सुनील जाखड़ के प्रस्ताव से भगवा पार्टी के समक्ष एकाएक चुनौतियाँ खड़ी हो गई हैं। जाखड़ के इस कदम को भगवा दल के अन्दर 'अन्दरुनी' (स्थानीय) बनाम 'बाहरी' की बढ़ती जा रही लड़ाई के संकेत के रुप में देखा जा रहा है।

राज्य के भाजपा नेताओं ने, जाखड़ के इस्तीफे की अफवाहों को खारिज करते हुये, इसे "विपक्षी दलों द्वारा किया जा रहा दुष्प्रचार" बताया है। जाखड़ के सचिव ने भी इस खबर का खंडन किया है, लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि सोशल मीडिया में चल रहीं उनके त्यागपत्र की चर्चाओं के बीच, जाखड़ स्वयं खामोशी धारण किये हुये हैं।

भाजपा में जाखड़ की शुरुआत खराब नहीं थी। मई 2022 में कांग्रेस से इस्तीफा देने के कुछ समय बाद ही वे पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में ले लिये गये थे तथा उसके बाद उन्हें पदोन्नत कर, पंजाब भाजपा अध्यक्ष बना दिया गया था। लेकिन उनका भाजपा में शामिल होना बहुत सहज और निर्विघ्न नहीं रहा था। वे तथा कांग्रेस से आये अन्य लोग भी भाजपा के मूल कार्यकर्ताओं तथा स्वयंसेवकों के प्रतिरोध का सामना करते आ रहे हैं। लोकसभा चुनावों में, भाजपा पंजाब में एक भी सीट नहीं जीत सकी थी, लेकिन जाखड़ खेमे को इस तथ्य से संतोष अनुभव हो रहा था कि पार्टी का वोट शेयर, जो 2019 में 9 प्रतिशत था, 2024 में बढ़कर 18.5 प्रतिशत हो गया था। लेकिन उनके

( शेष पृष्ठ 3 पर )

## 'सी.बी.आई. को प्रारंभिक जाँच करने का आदेश नहीं दे सकता हाई कोर्ट'

### सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षक भर्ती मामले में सी.बी.आई. जाँच के लिए दिए गए कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश को खारिज कर दिया है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 27 सितम्बर। सर्वोच्च न्यायालय ने आज कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें प्राथमिक जाँच सी.बी.आई. से कराने के निर्देश दिये गये थे। न्यायालय ने कहा कि इस प्रकार के निर्देश बहुत ही असाधारण मामलों में दिये जाते हैं, और वो भी उस समय, जब उच्च न्यायालय राज्य की जाँच को पक्षपातपूर्ण मानने के कारण भी रिकॉर्ड पर लेता है।

उच्च न्यायालय संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत, अपने अधिकारों को काम में लेते हुये जाँच का काम सी.बी.आई. को सौंप तो सकता है लेकिन ऐसा करने के लिये, उसे इस बात का कारण देना होता है कि उसे ऐसा क्यों लग रहा है कि राज्य पुलिस द्वारा की जा रही जाँच निष्पक्ष नहीं है। केवल कुछ

- सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी टिप्पणी की कि सिर्फ दुर्लभतम केस में ही हाई कोर्ट सी.बी. आई. को प्रारंभिक जाँच के आदेश दे सकता है और इसके लिए हाई कोर्ट को कारण बताना होगा कि राज्य प्रशासन की जाँच गलत व पक्षपाती है।

पत्रों के आधार पर, इस प्रकार की कवायद न्यायसंगत सिद्ध नहीं हो जाती। एकल न्यायाधीश द्वारा दिये गये आदेश को देखने पर यह उजागर होता है कि ऐसा कोई हल्का सा भी संकेत नहीं है कि न्यायालय ने ऐसा क्यों मान लिया कि राज्य द्वारा कराई जा रही जाँच पक्षपातपूर्ण है जिससे सी.बी.आई. द्वारा जाँच किये जाने के निर्देश देना आवश्यक प्रतीत हुआ। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और के.वी. विश्वनाथन की बैंच ने कहा, "इन्हीं कारणों से, विद्वान डिवीजन बैंच द्वारा पारित आदेश कानूनन मान्य नहीं है।"

संदेहस्पद आदेशों, जिनके जरिये प्राथमिक जाँच सी.बी.आई. को सौंप दी गई, को रद्द करते हुये सर्वोच्च न्यायालय ने आदेश दिये कि उच्च न्यायालय के एकल जज संदर्भित रिट पिटीशन पर कानून के अनुसार निर्णय लेंगे। संक्षेप में, एक रिट पिटीशन उच्च न्यायालय में दायर किया गया था, जिसमें गोरखा टेरिटोरियल एडमिनिस्ट्रेशन, (जी.टी.ए.) में वॉलंटरी शिक्षकों की भर्ती एवं नियमितीकरण से सम्बंधित कई मुद्दे

( शेष पृष्ठ 3 पर )

## 'कांग्रेस एक जमीन से जुड़ी पार्टी है'

### भाजपा ने कांग्रेस पर कटाक्षों की बौछार की, कर्नाटक सरकार द्वारा सी.बी.आई. को राज्य में बिना सरकार की इजाज़त किसी भी मामले की जाँच करने का अधिकार वापस से लेकर

- भाजपा ने व्यंग्य किया कि कांग्रेस "मोहब्बत की दुकान नहीं चला रही," बल्कि अब "भ्रष्टाचार की भाईजान है" व "मीडिया को धमकी की दुकान है" तथा, "एस.सी. समाज के राज्यपाल का अपमान करने की दुकान है।"
- प्रवक्ता के अनुसार, कांग्रेस जब सत्ता में आती है तो एस.सी./एस.टी. समाज की जमीनों को अपने रिश्तेदारों के नाम करना उसका मुख्य काम होता है और कानून से बचने के लिये, वह उस इजाज़त को भी वापस ले लेती है, जो उसने स्वयं सी.बी.आई. को राज्य में तहकीकात करने के लिए दे रखी थी।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 27 सितम्बर। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रैंस को संबोधित किया और सी.बी.आई. को जाँच के लिए दी हुई सहमति वापस लेने की आलोचना की, उन्होंने कहा कर्नाटक में कांग्रेस एम.यू.डी.ए. (मैसूर अरबन डवलपमैंट अथॉरिटी) के जमीन घोटाले की जाँच नहीं कराना चाहती है इसलिए यह फैसला किया गया है। उन्होंने सिद्धारमैया के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बने रहने के नैतिक आधार पर सवाल उठाया।

पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस मोहब्बत की दुकान नहीं चला रही है बल्कि कांग्रेसी भ्रष्टाचार के भाईजान हैं, मीडिया को धमकी की दुकान और एस.सी. समाज के राज्यपाल के अपमान करने की दुकान चलाते हैं।

उन्होंने कांग्रेस के "जमीन से जुड़ी पार्टी" होने के दावे की खिल्ली उड़ाई और कहा कि जब भी कांग्रेस पार्टी सत्ता में आती है। यह एस.सी./एस.टी. को आवंटित जमीन अपने लोगों को आवंटित कर देती है। सत्ता में आने के बाद कांग्रेस का मुख्य कार्य बस लूटना ही होता है।

कानून से बचने के लिए इसने सी.बी.आई. जाँच के लिए दी गई सहमति भी वापस ले ली। उनका संकल्प सिर्फ भ्रष्टाचार के प्रति है और जब उनके खिलाफ जाँच शुरू करने की अनुमति दी गई तो इन्होंने सी.बी.आई. को दी गई सहमति वापस ले ली, बिल्कुल "प्रोफेशनल चोर" की तरह काम किया है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि कांग्रेस पार्टी पहले चोरी करती है, फिर

( शेष पृष्ठ 3 पर )

## गजेन्द्र सिंह फोन टैपिंग मामले की जाँच दिल्ली पुलिस करेगी

जयपुर, 27 सितंबर। केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत फोन टैपिंग मामले में राज्य सरकार ने शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट में कहा है कि इस मामले की जांच दिल्ली पुलिस ही करेगी और वे भी इसमें सहयोग करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओ.एस.डी. रहे लोकेश शर्मा की याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य की ओर से ए.ए.जी. शिवमंगल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने अधिकारिक तौर पर इस मामले में दिल्ली पुलिस की ओर से जांच करने संबंधी मुकदमा वापस ले लिया है। ऐसे में उन्हें इस केस में दिल्ली पुलिस की ओर से जांच करने पर कोई भी आपत्ति नहीं है और वह भी उन्हें सहयोग करेगी।

वहीं, दिल्ली पुलिस की ओर से सीनियर एडवोकेट

- राजस्थान सरकार ने दिल्ली हाई कोर्ट को विश्वास दिलाया है कि वह दिल्ली पुलिस की जाँच में पूरा सहयोग करेगी।

संजय जैन ने कहा कि मामले की परिस्थितियों में बदलाव हो गया है। ऐसे में इस पिटिशन में सुनवाई के लिए कुछ नहीं रहा है। इस मामले में उन्हें जांच कार्रवाई आगे करनी है, इसलिए जल्द सुनवाई की जाए। अदालत ने राज्य सरकार व दिल्ली पुलिस की दलीलें सुनने के बाद मामले की सुनवाई 14 नवंबर को तय की। गौरतलब है कि इस मामले में गजेन्द्र सिंह शेखावत ने पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत के ओ.एस.डी. लोकेश शर्मा के खिलाफ मार्च 2021 में एफ.आई.आर. दर्ज करवाई थी। इस मामले में लोकेश शर्मा ने उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। मामले में लोकेश शर्मा की गिरफ्तारी पर अदालत ने रोक लगा रखी है।

## एकल, सरलीकृत जीएसटी कांग्रेस की गारंटी : राहुल

नयी दिल्ली, 27 सितम्बर (वार्ता) कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी सरकार ने वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) को अत्यधिक जटिल बनाकर रखा है जिसने अर्थव्यवस्था की जान, छोटे और लघु उद्योगों की क्षमता को कुचल कर रख दिया है, इसलिए कांग्रेस की सरकार बनने पर जीएसटी को सरल बनाया जाएगा।

- सोशल मीडिया पर राहुल गाँधी ने इसे विचित्र गब्बर सिंह टैक्स करार दिया।

गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट पर जीएसटी को विचित्र गब्बर सिंह टैक्स करार देते हुए कहा है कि यह एमएसएमई की लाभप्रदता और उत्पादन क्षमता को कुचल रहा है।

उन्होंने कहा, इससे अधिक परेशान करने वाली और क्या बात हो सकती है। संघर्षरत छोटे व्यवसाय मालिकों की वाजिब समस्याओं को हल करने की

( शेष पृष्ठ 3 पर )

## क्या नायडू ने तिरुपति लड्डू की अशुद्धि का विवाद खड़ा करने से पहले इसकी पेचीदगियां समझ ली थीं?

### क्योंकि इस समूचे विवाद में कई संदेह जताए जा रहे हैं

-लक्ष्मण वेंकट कूची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 27 सितम्बर। तिरुपति लड्डू कथित रूप से पशु चर्बी से दूषित होने के बारे में बहुत कुछ कहा जा रहा है और यह मुद्दा आंध्र प्रदेश, यहाँ तक कि देश के बाकी हिस्सों में बहुसंख्यक हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाओं से जुड़ा एक अत्यधिक भावनात्मक मुद्दा बन गया है।

लेकिन तेलुगू देशम पार्टी (टी.डी.पी.) सुप्रीमो और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू द्वारा शुरु किए गए तथा उनके गठबंधन पार्टनर व उपमुख्यमंत्री, फिल्म स्टार पवन कल्याण द्वारा प्रमुखता से शिखर पर पहुँचाए गए इस विवाद को ध्यान से समझने पर इसमें कई

- पहला संदेह तो यह ही है कि जब जुलाई में ही लड्डू में पशु चर्बी मिलावट की रिपोर्ट आ गई थी तो सितम्बर में जाकर यह विवाद क्यों खड़ा किया गया।
- यह सवाल भी पूछा जा रहा है कि लड्डू की जाँच एक ही लैब में क्यों करवाई गई और आंध्र प्रदेश व तेलंगाना की किसी लैब में जाँच क्यों नहीं हुई?
- निष्पक्ष विश्लेषक पूछ रहे हैं कि जैसा टी.टी.डी. ने दावा किया है कि तमिलनाडू की कंपनी से चार टैंकर दूषित घी के आए थे, पर, उनका प्रसादम में इस्तेमाल नहीं किया गया, अगर ऐसा था तो रेड्डी दोषी कैसे हैं।
- इस विवाद के बीच रेड्डी ने तिरुपति मंदिर जाने की घोषणा की तो नायडू, पवन कल्याण ने कहा, वे घोषणा करें कि उनकी वेंकटेश्वर स्वामी में आस्था है। वैसे यह कोई बड़ी बात नहीं है, क्योंकि जगनमोहन के पिता जब मुख्यमंत्री थे, उन्होंने यह घोषणा की थी, सोनिया गांधी, पूर्व राष्ट्रपति स्व. ए.पपी.जे. कलाम भी ऐसा कर चुके हैं।

कमियाँ नज़र आती हैं।

घटनाक्रम तथा बालाजी मंदिर के संचालक तिरुमला तिरुपति देवस्थानम के परस्पर विरोधी वक्तव्यों ने आंध्र प्रदेश की नई सरकार को इस विवाद के बीच में लाकर खड़ा कर दिया है। कई ऐसे प्रश्न उठ रहे हैं जिनके उत्तर मिलना जरूरी हो गया है। पहला, यदि लैब को भेजे गए सैम्पलों का लैब टैस्ट जुलाई में हुआ तो लैब टैस्ट की रिपोर्ट सितंबर के उत्तरार्ध में सार्वजनिक क्यों की गई। यह भी कि केवल एक ही लैब को सैंपल क्यों भेजे गए, अन्य लैब्स को क्यों नहीं, और आंध्र प्रदेश व तेलंगाना की किसी लैब को क्यों नहीं भेजे गए।

फिर, टी.टी.डी. के विरोधाभासी दावे भी हैं, जिनमें कहा गया कि तमिलनाडू की एक फर्म द्वारा सप्लाई किए गए घी के चार टैंकरों में मिलावट पाई गई और इन टैंकरों

( शेष पृष्ठ 3 पर )

syngenta

सूचना धोखाधड़ी की चेतावनी

सर्वसाधारण को इस सूचना के द्वारा अवगत कराया जाता है कि कुछ धोखेबाज व्यक्ति अवैध रूप से नकली वेबसाइट का प्रयोग करके सिंजेंटा (Syngenta) के नाम पर लोगों को पैसा निवेश करने और उन्हें पर्याप्त लाभ का आश्वासन देते हैं। इस धोखाधड़ी वाली योजना को 'SyngentalNr.com', 'Syngenta TopIn.com', 'SyngentaIndia.uk', व्हाट्सएप ग्रुप और यूट्यूब चैनल जैसे डोमेन नामों के माध्यम से उनके अवैध लाभ के लिए 'पोंजी' योजना के रूप में प्रधारित किया जाता है। सिंजेन्टा इंडिया निवेश और रिटर्न के संबंध में ऐसा कोई कार्यक्रम नहीं पेश करता है। इसलिए, आम जनता को सिंजेन्टा के नाम और ब्रांड का दुरुपयोग करके चलाई जा रही ऐसी किसी भी अवैध पोंजी योजना में अपना पैसा निवेश करने के प्रति सावधान किया जाता है। कोई भी व्यक्ति जो इस तरह की 'पोंजी' योजनाओं का हवाला देकर सिंजेन्टा के नाम का दुरुपयोग करके पैसे स्वीकार करता है, उसे कानून का उल्लंघन करने वाला और भारतीय न्याय संहिता 2023 के साथ-साथ ट्रेडमार्क अधिनियम, 1999 के तहत दंडनीय अपराध करने वाला माना जाएगा। सिंजेन्टा इंडिया ने ऐसी पोंजी योजनाओं से जुड़े किसी भी व्यक्ति की पहचान करने और उसके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पहले ही उचित कानूनी कदम उठाए हैं। इसलिए आम जनता को सलाह दी जाती है कि वे 'सिंजेन्टा' के नाम पर संचालित की जा रही उक्त पोंजी योजना से संबंधित किसी भी जानकारी के बारे में तुरंत पुलिस विभाग के साइबर सेल को सूचित करें।

Syngenta India Pvt. Ltd.

## विचार बिन्दु

**इस विश्व में स्वर्ण, गाय और पृथ्वी का दान देने वाले सुलभ है लेकिन प्राणियों को अभयदान देने वाले इन्सान दुर्लभ हैं। –भर्तृहरि**

# प्रदेश में बढ़ रहा मौसमी बीमारियों का प्रकोप : अलर्ट मोड पर सरकार

मौसम परिवर्तन और बीमारियों का चोली दामन का साथ है। सितम्बर का महीना समाप्त होते होते मौसम भी करवट लेता है। मानसून ने भी विदाई ले ली है। तापमान में भी घटत-बढ़त हो रहा है। प्रदेश में भारी बारिश से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया था। ऐसे में बहुत से लोग मौसम में परिवर्तन को झेल नहीं पाते और तबीयत बिगड़ जाती है। विशेषकर जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है वे मौसमी बीमारियों का शिकार हो जाते है। राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, यूपी, एमपी आदि प्रदेशों से मिली खबरों के मुताबिक मौसम परिवर्तन के साथ ही मौसमी बीमारियां और वायरल बुखार का प्रकोप पैर पसारने लगा है, जिसके चलते चिकित्सालय में मरीजों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। रोगियों को घंटों लाइन में लगने के बाद चिकित्सक को दिखाने के लिए नंबर आ रहा है। मौसम परिवर्तन के साथ चिकनगुनिया, डेंगू, वायरल बुखार, उल्टी-दस्त के रोगियों की संख्या बढ़ी है। मच्छरों का प्रकोप भी बीमारियां बढ़ाने में सहायक हो रहा है। डॉक्टरों के अनुसार तापमान में उतार-चढ़ाव के चलते मौसमी बीमारियां बढ़ी हैं।

मौसमी बीमारियों के खतरे को देखते ही राजस्थान में शासन प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर द्वारा आला अधिकारियों को दिए निर्देशों का असर देखा जा रहा है। मेडिकल टीमों की संख्या बढ़ाई जा रही है साथ ही हर जिले के काम की समीक्षा भी की जा रही है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव ने मौसमी बीमारियों की स्थिति की समीक्षा करते हुए इस संबंध में दिशा-निर्देश दिए है। सभी सम्बद्ध जिम्मेदार अधिकारियों को मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए मिशन मोड में काम करने के निर्देश दिए गए है। निर्देशों में कहा गया है मौसमी बीमारियों के लिए नियंत्रण कक्ष को और सुदृढ़ बनाया जाए। निदेशालय स्तर पर स्थापित कन्ट्रोल रूम (0141-2225624) में समस्त जिलों से प्राप्त समस्याओं और शिकायतों का इन्द्राज कर 24 घण्टे में उनका निस्तारण किया जाए। इसी प्रकार प्रत्येक जिले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय पर स्थापित कन्ट्रोल रूम में दर्ज समस्याओं का भी 24 घण्टे में समाधान सुनिश्चित करें। डेंगू, मलेरिया, चिकुनगुनिया, स्क्रबटायफस आदि मौसमी बीमारियों से प्रभावित क्षेत्रों में रेपिडरेस्पान्स टीमें भ्रमण कर गम्भीर रोगी की जांच एवं उपचार प्रदान करें। आवश्यकता होने पर चिकित्सा संस्थान में रैफर करें और बचाव व नियंत्रण संबंधी कार्यों यथा एन्टीलार्वल, मच्छर रोधी, फोगिंग, सोर्स रिडक्शन आदि गतिविधियों की गुणवत्ता भी सुनिश्चित करें। राजधानी के सवाई मानसिंह अस्पताल में मौसमी बीमारी के रोगियों के लिए अलग से ओपीडी का संचालन किया जाएगा। आपातकालीन सेवाओं के सामने वाहन शाखा और क्रिटिकल केयर ब्लॉक के पास सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक ओपीडी का संचालन किया जाएगा।

**शुरुआत में चिकनगुनिया में तेज बुखार, लगातार सिरदर्द, आंखों से पानी आना और थकान होना इसकी विशेषता है। इस बीमारी में भले बुखार उतर जाए, लेकिन थकान और सिरदर्द बना रहता है। अधिकांश रोगियों को जोड़ों में दर्द की शिकायत भी होती है। यह दर्द हफ्तों और महीनों के लिए बना रह सकता है। तेज बुखार, सिर दर्द, मतली आना, बदन दर्द और लाल चकत्ते होना डेंगू की पुष्टि करता है।**

प्रदेशभर से मिली जानकारी के मुताबिक मौसम में आये बदलाव के साथ ही मौसमी बीमारियों ने घर-घर दस्तक दे दी है। घर-घर में मौसमी बीमारियां से पीड़ित लोगों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। अस्पतालों में बच्चों से बुजुर्ग तक इलाज के लिए लाइन में लगे देखे जा सकते है। सरकार ने स्वास्थ्य विभाग को पहले ही अलर्ट कर दिया था। राजस्थान में डेंगू बुखार ने कहर मचा रखा है। अस्पतालों में डेंगू पीड़ितों की संख्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। सरकारी उपाय नाकाफी साबित हो रहे है। यही स्थिति उत्तर भारत के अन्य प्रदेशों की है।एक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है मच्छरों ने घर घर में आतंक फैला रखा है जिसकी चपेट में बच्चे से बुजुर्ग तक आ रहे है। सर्वाधिक मानसूनी वर्षा वाले प्रदेशों में मच्छर जनित बीमारियों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी किया है। सबसे अधिक प्रभावित जिलों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।

कहते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में कंस्ट्रक्शन बढ़ा है। यह मच्छरों से होने वाली बीमारी का एक कारण है। कंस्ट्रक्शन साइट्स पर मच्छर ज्यादा पनप रहे हैं। वहीं पहले के मुकाबले सर्विलांस बढ़ा है। इस वजह से भी डेंगू के मामले अधिक दर्ज हो रहे हैं। बताते हैं कि न तो डेंगू, चिकनगुनिया की कोई दवा है और न ही वैक्सीन। चिकनगुनिया और डेंगू मच्छर के काटने की वजह से होते हैं। मादा एडिसएजिप्टी मच्छर के काटने कारण माना जा रहा है। लेकिन कुछ मामलों में, एडीज मच्छर का काटना भी इस बीमारी की वजह मानी जा रही है। चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि 5 अलग-अलग प्रकार के वायरस इन मच्छरों से फैल रहे हैं, जो इस बीमारी का कारण बन रहे हैं। डेंगू गैर-संक्रामक है, यह एक मरीज से सीधे किसी अन्य व्यक्ति में नहीं फैल सकता। चिकनगुनिया वायरस भी मच्छर ही द्वारा किया जाता है। हालांकि दोनों बीमारियों की पहचान विशिष्ट वायरस से हो सकती है। शुरुआत में चिकनगुनिया में तेज बुखार, लगातार सिरदर्द, आंखों से पानी आना और थकान होना इसकी विशेषता है। इस बीमारी में भले बुखार उतर जाए, लेकिन थकान और सिरदर्द बना रहता है। अधिकांश रोगियों को जोड़ों में दर्द की शिकायत भी होती है। यह दर्द हफ्तों और महीनों के लिए बना रह सकता है। तेज बुखार, सिर दर्द, मतली आना, बदन दर्द और लाल चकत्ते होना डेंगू की पुष्टि करता है। रोगियों की संख्या में डेंगू बुखार एक रक्तस्त्रावी जो अनिश्चितता के बादल कम ब्लड प्लेटलेट्स का स्तर और रक्त प्लाज्मा के रिसाव में परिणाम का कारण बनता है। डेंगू भी भारी रक्तस्त्राव मौत का कारण बन सकता है। डेंगू और चिकनगुनिया के बीच का अंतर जानने के लिए रोगी के खून की जांच जरूरी है। इससे खून में मौजूद विशिष्ट वायरस का पता लगा सकते हैं।

**–अतिथि संपादक,**
**बालमुकुन्द ओझा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

## राशिफल शनिवार 28 सितम्बर, 2024



पंडित अनिल शर्मा

अश्विन मास, कृष्ण पक्ष, एकादशी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2081, अश्लेषा नक्षत्र रात्रि 3:38 तक, सिद्ध योग रात्रि 11:50 तक, बालव करण दिन 2:50 तक, चन्द्रमा रात्रि 3:38 से सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कन्या, चन्द्रमा-कर्क, मंगल-मिथुन, बुध-कन्या, गुरू-वृष, शुक्र-तुला, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज इन्दिरा एकादशी व्रत है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 7:51 से 9:20 तक, चर 12:18 से 1:47 तक, लाभ-अमृत 1:47 से 4:44 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 6:22, सूर्यास्त 6:13

**मेष**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**वृष**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। भाई-बंधुओं के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा संभव है। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**कर्क**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन ठीक रहेगा। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा।

**सिंह**
अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। अनावश्यक धन खर्च होगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। शुभ-मांगलिक कार्य के लिए यात्रा संभव है।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी।

**वृश्चिक**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा।

**धनु**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा में परेशानी हो सकती है।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। स्वास्थ्य में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है।

**मीन**
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

# केंद्र सरकार ने कभी नहीं चाहा कि मिडिल इनकम ग्रुप की माली हालत सुदृढ़ बने, क्यों?



प्रो. वीर बहादुर सिंह

गरीब, अति गरीब और निम्नतम आय वर्ग निम्न आय वर्ग, मध्यम आय वर्ग सदैव चुनाव के समय सरकार का ध्यान आकर्षित करते रहे हैं। इस तथ्य के पीछे सरकार की मंशा या नीयत पारदर्शी कभी नहीं रही। कारण साफ़ है वोट बैंक कैसे सुदृढ़ बने और आगे भी बना रहे? अब हालात ऐसे हैं कि जैसे-जैसे संसाधन बढ़ रहे हैं, सरकार में बैठे वित्त मसलों के लोग इस फिराक में रहते हैं कि संसाधनों का उपयोग कैसे सीमित हो और कमाऊ भी बना रहे? सरकार में ऐसे अनेक बड़े संसथान हैं जो हर प्रकार का अन्वेषण करते हैं और सतत करते भी रहते हैं। उदाहरण के लिए सांख्यकी, कृषि सांख्यकी, आर्थिक सर्वे, विज्ञान, मेडिकल, भूमि, फारेस्ट, वाइल्ड लाइफ आदि-आदि। इनके अतिरिक्त अन्य दूसरे विभाग भी अपने-अपने उद्देश्य के अनुसार सर्वे बड़े क्षेत्र से लेकर छोटे स्तर तक सर्वे करते हैं ताकि मूल अध्ययन, तत्पश्चात परीक्षण करने से पहले वर्तमान स्थिति का ज्ञान हो सके। तत्पश्चात सतही आंकलन कर परीक्षण आरम्भ कर फिर देखा जाये कि परीक्षण के उपरांत उस क्षेत्र में क्या परिवर्तन आया और कितना? अनुसन्धान में यह प्रक्रिया सदैव अपनाई जाती है। केवल प्रयोगशालाओं में परीक्षणों को छोड़कर। ऐसे सभी अन्वेषण करने में सांख्यकी के महत्वपूर्ण टूल्स अपनाये जाते हैं।

कृषि विश्वविद्यालयों में तो सांख्यकी की शिक्षा और उसका उपयोग दोनों सिखाये जाते हैं। बाद के प्रोफेशन में अनुसन्धान लगभग हर विषय में होता रहता है। इससे प्राप्त आंकड़े रिसर्च पत्रिकाओं में समय-समय प्रकाशित भी होते रहते हैं। कृषि और किसानों से सम्बंधित तो एक परियोजना वर्षों से पूरे देश में चालू है जिसके आंकड़े सम्बंधित मंत्रालय उपयोग करते हैं। कृषि उपज मूल्य और लागत से किसान की माली हालत का भी आंकलन वस्तुत: हो जाता है। इन्ही सब अन्वेषणों के आधार पर देश में आर्थिक आधार पर लोगों का वर्गीकरण भी किया हुआ है। जनता को दिखाने के लिए सरकार अनेक योजनाएं गरीबों और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए चलाती है परन्तु वास्तविक लाभ उन लोगों तक पहुंच पाता है अथवा नहीं यह एक गूढ़ रहस्य है और संदेहास्पद भी। एक बात मैं निश्चित तौर पर कह सकता हूँ कि हज़ारों रुपये उन्हें देने के बाद भी गरीवी और गरीव देश में कम नहीं होते? भ्रष्टाचार भी इसमें अहम कार्य निभाता है।

देश की प्रबंध व्यवस्था में भ्रष्टाचार कपड़ा बुनने की भांति इतना मिल गया है कि उसे निकालने का अर्थ कपड़े को फाड़ना ही है। सांख्यकी कहती है कि किसी भी परियोजना को शुरू करने से पूर्व वर्तमान स्थिति का आंकलन करना जरुरी है जिससे कुछ समय बीतने के बाद पुन: आंकलन कर यह सुगम हो जाता है कि परियोजना से कितना अंतर आया? यह सरकार नहीं कराती और कराती भी है तो उसे प्रकाशित नहीं करती। इसलिए सब कुछ अँधेरे में ही चलता रहता है। अब यह भी जान लिया जाय कि विकसित किस्मे और वैज्ञानिक तकनीक कहाँ से उपजती है? यह सब होता है कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा किये गए अनुसन्धान और प्रसार शिक्षा के माध्यम से। पाठकों को यहाँ जानना जरुरी है कि अधिकांश संस्थानों में अनुसन्धान और प्रसार कार्य करने वाले वैज्ञानिक हैं नहीं कुछ समय पहले किये एक आंकलन से पता चला कि इन कार्यों को करने वालों के 60 से 75 प्रतिशत पद वर्षों से रिक्त चल रहे हैं। फिर वांछित काम कौन कर रहा है? वस्तुत: काम हो ही नहीं रहा है।

प्रधानमंत्री ने दो कार्य प्रशंसनीय किये, एक गांव में शौचालय बनवा दिए जिससे कम से कम महिलाओं को खुले में शौच नहीं जाना पड़े और दूसरे जिन गरीवों के पास मकान नहीं थे उन्हें पक्के कमरे बनवा कर दिए। यथेष्ट क्या है एक गरीब से गरीब परिवार या मध्यम परिवार में खर्चा कितना होता है और कितना चाहिए? पति-पत्नी और दो बच्चे एक बालक और एक बालिका के उचित पढ़ने-लिखने, वस्त्र, ड्रेस आदि पर कितना खर्चा होता है इसका आंकलन क्यों नहीं किया जाता? सरकार ने टयूशन फीस माफ़ कर दी फिर भी उससे कहीं अधिक और खर्चे बच्चों की शिक्षा के लिए खर्च करने पड़ते हैं। सरकार में बैठे नेता और प्रशासनिक अधिकारी को इस पक्ष पर कभी सोचने की जरुरत नहीं पड़ती। वास्तव में उनमे से अनेक ने गांव और वहां का रहन-सहन नजदीक से देखा ही नहीं? ग्रामीण जीवन में सादगी और मनुष्य की सरलता ही सर्वोपरि है जो हमें शहर में नहीं दिखाई देती। मेरे एक अनुमान के अनुसार दो बच्चों को शहर में पढ़ाने पर आवास से लेकर, शिक्षा, मेडिकल सुबिधा, ड्रेस साफ़ सफाई खाना, आवागमन आदि अनेक मदों में खर्चा जरुरी होता है अन्यथा बच्चा इनके अभाव में कुंठित मानसिकता से ग्रसित हो जाता है।

बाजार की हालत देखते हुए एक बालक को दसवीं से आगे की पढ़ाई के लिए लगभग आवास के अतिरिक्त दस से पंद्रह हज़ार रुपयों की जरुरत होती है, शेयर आधार पर आवास को मिला कर यह खर्चा बीस हज़ार तक आ जाता है। मैं आर्थिक मामलों के लोगों से जानना चाहता हूँ कि इन खर्चों को देखते हुए एक ग्रामीण अपने दो बच्चो के लिए तीन लाख क्या वार्षिक कमा लेता है? फिर उसका अपना गांव का खर्चा अलग? एक ग्रामीण की वार्षिक आय इस हिसाब से छ: लाख होनी चाहिए तभी वह अपने दो बच्चों को कुछ शिक्षा दिलवाने में सक्षम हो सकता है अन्यथा नहीं।

सरकार किसानों के महा पड़ाव की भाषा समझती हैं अन्य कोई नहीं। गावो के लोगों को बुलेट ट्रैन, स्पेस शिप, जैसी सुविधाएँ नहीं चाहिए उन्हें तो मूलभूत सड़क, समुचित परिवहन साधन, मेडिकल व अन्य शिक्षा सुविधाएँ गांव में ही प्रदान करनी चाहिए ताकि आगे भी वे बच्चों की शिक्षा के प्रति सतत प्रयासरत रहें उनकी वार्षिक आय वर्तमान बाजार के अनुसार 12 लाख रुपये से कम तो होनी नहीं चाहिए। गरीब शहरों में भी रहते हैं इसलिए यह आय सीमा दोनों परिवेशों में लागू हो। वैसे तो मैं आयकर प्रावधानों का विरोधी हूँ। जब सरकार की तिजोरी केवल जी एस टी से उफन रही हो तो अनावश्यक खर्चों पर लगाम लगाकर आयकर प्रावधान क्यों नहीं बिलकुल समाप्त कर देती? वैसे भी आयकर के दो भिन्न प्रारूपों से यह स्पष्ट होता है कि सरकार को अधिक धन संग्रह टैक्स के माध्यम से आवश्यक नहीं रहा, क्योंकि छोटी बचतों को अब सरकार प्रोत्साहन देना बंद कर दिया है और आयकर में पूर्व में वर्षों से दी जा रहीं छोटी बचतों से सरकार को अब धन प्राप्त करने की जरुरत नहीं रही।

इसलिए मेरी अनुसंशा है कि आयकर प्रावधान को ही समूल हटा लिया जाये। वैसे भी हमारे सम्मानीय तो आयकर से पूर्णत: मुक्त हैं भले ही वे एक से अधिक पेंशन वेतन अलग और अन्य भत्ते ले रहे हैं। तो सरकार दरियादिली दिखाते हुए सभी के लिए आयकर समाप्त करे। समय की यही मांग है और समानता के लिए उचित भी है। पेंशन पर आयकर को मुक्त करने की मांग देश में सोशल मीडिया पर पहले से ही चल रही है। आयकर कार्य से मुक्त हुए सभी कर्मचारियों को सरकार अपनी कई योजनाओं में समायोचित कर सकती है हां मलाईदार पद संभवत: न मिले। अधिक मलाई बहुधा शरीर में वसा एकत्रित कर हृदयाघात का कारण बनती है। सरकार को अपने अनेक गैरजरूरी खर्चे और दिखावा बंद करना उचित होगा। देश की रफ़्तार हमारे प्रधान मंत्री अंतर्क्षीय यान जैसी लेकर चलन चाहते हैं जो अधिकांश जनता झेल नहीं पायेगी जमीन पर लेकर चलना ही हित कर है।

**–प्रो. वीर बहादुर सिंह, पूर्व कुलपति एवं खाद्य विज्ञ, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर**

# प्रदेश के कई जिलों में समान पात्रता परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**अजमेर/दौसा,** (कासं)। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से समान पात्रता परीक्षा 2024 (यूजी स्तर) शुक्रवार आयोजित की गई। अजमेर में परीक्षा के लिए 64 सेंटर बनाए गए। यह परीक्षा दो पारियों में आयोजित की गई। परीक्षा के लिए 19 हजार 585 परीक्षार्थी हैं। शहर में परीक्षा सेंटर बनाए जाने से कई कई स्कूलों में शुक्रवार को अवकाश घोषित किया गया है। गहन जांच के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। परीक्षा देने आए अभ्यर्थी सुबह से ही परीक्षा केंद्रों पर कतार में नजर आए। कई केंद्रों पर तो लंबी-लंगी कतारें देखी गई।

बोर्ड की ओर से जारी की गई गाइडलाइन के तहत अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से 1 घंटे पहले प्रवेश दिया गया। पहली पारी में परीक्षा सुबह 9 बजे से शुरू हुई। ऐसे में अभ्यर्थियों को सुबह 8 बजे तक प्रवेश दिया गया। इसी प्रकार दूसरी पारी की परीक्षा दोपहर 3 बजे शुरू हुई इसमें अभ्यर्थियों को प्रवेश दोपहर 2 बजे प्रवेश दिया गया। अजमेर जिला प्रशासन की ओर से 10 फ्लाइंग स्क्वाड बनाए गई। फ्लाइंग स्क्वाड में 3-3 लोगों को शामिल किया है। हर एक टीम में एक-एक आरएएस-आरपीएस अधिकारी और एक जिला शिक्षा विभाग के अधिकारी शामिल रहे। कुल 10 टीमों में 64 अधिकारी थे। फ्लाइंग स्क्वाड टीम ने सभी केंद्रों पर नजर बनाए रखी। शुक्रवार व शनिवार को आयोजित होने वाली इस समान पात्रता परीक्षा में प्रदेशभर में कुल 13 लाख 4 हजार 142 अभ्यर्थी पंजीकृत किए गए हैं।

**दौसा में 29 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हुई सीईटी परीक्षा :-** दौसा में शुक्रवार को राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित समान पात्रता परीक्षा 'सीईटी' का आयोजन जिले के 29 परीक्षा केंद्रों पर हुआ। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों को कड़ी सुरक्षा जांच के बाद प्रवेश दिया गया, जबकि पुलिस की निगरानी में पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई गई। इसके साथ ही पेपर की सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। परीक्षा समन्वयक एडीएम सुमित्रा पारीक ने जानकारी दी कि 29 केंद्रों में से 18 निजी केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन किया गया, जो दो पारियों में हुआ। प्रत्येक पारी में 10,128 परीक्षार्थियों का पंजीयन हुआ।

परीक्षा में पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पांच सतर्कता दलों का गठन किया गया, जिनमें एक प्रशासनिक, एक पुलिस और एक शिक्षा सेवा का अधिकारी शामिल था। शनिवार को भी दो पारियों में परीक्षा आयोजित की जाएगी, जहां सुरक्षा और निगरानी की विशेष व्यवस्था रहेगी।

# झीलों की नगरी आगामी दिनों में विश्व पर्यटन का हब बनेगी : सांसद सी.पी. जोशी

- **भारत की वैश्विक संस्कृति, धरोहर सम्पूर्ण विश्व में विख्यात : प्रो. एसएस सारंगदेवोत**




विद्यापीठ में अंतरराष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर आयोजित सेमीनार में चितौड़ सांसद सी.पी. जोशी, कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत आदि मौजूद रहे।

**उदयपुर,** (कासं)। झीलों की नगरी आगामी दिनों में विश्व पर्यटन का हब बनेगी। आगामी दिनों में शीघ्र ही अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट का शुभारंभ होगा, जिससे देशी एवं विदेशी पर्यटन में लाभ होगा। मेवाड़ विश्व पर्यटन में सांस्कृति, आध्यात्मिक धरोहर का महत्वपूर्ण केन्द्र है। इससे संबंधित विरासत के सभी घटकों की सुरक्षा करना आम समाज की जिम्मेदारी है। ये विचार शुक्रवार को अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर राजस्थान विद्यापीठ के संघटक डिपार्टमेंट ऑफ ट्रेवल, ट्यूरिज्म एण्ड होटल मैनेजमेंट एवं मिनिस्ट्री ऑफ ट्यूरिज्म भारत सरकार, रामी रॉयल के संयुक्त तत्वावधान में प्रतापनगर स्थित आईटी सभागार में आयोजित समारोह में पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं चितौड़ सांसद सी.पी. जोशी ने बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए।

सांसद जोशी ने कहा कि भारत का गौरवशाली इतिहास रहा है जिसको आने वाली पीढ़ी में रूपांतरित करने की जरूरत है। आज हमारे देश में विलेज ट्यूज्म बढ़ रहा है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी रोजगार के अवसर बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि इस दिशा में सरकार अपना काम कर रही है। उन्होंने कोरोना का उदाहरण देते हुए बताया कि बहुत से विकसित राष्ट्र संघर्षरत थे क्योंकि केवल सरकारें कार्यशील थी, लेकिन भारत में सरकार के साथ साथ समाज भी खड़ा था जिससे भारत इस संघर्ष से सफलतापूर्वक विजय हासिल कर सका जिसका प्रमाण पूरे विश्व ने देखा। उन्होंने कहा कि जहां सरकार के साथ समाज का साथ हो वहां कार्य स्वत: सिद्धी को प्राप्त हो जाता है।

अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने कहा कि भारतीय संस्कृति बेजोड़ व जीवंत है भारत की वैश्विक संस्कृति व धरोहर सम्पूर्ण विश्व में विख्यात है। प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि पर्यटन से देश में रोजगार के अवसर एवं जीडीपी में पर्याप्त योगदान मिलता है। पर्यटन के विकास में भारत सरकार के विभिन्न आयाम कार्यरत है जिसमें राष्ट्रीय होटल प्रबंधन, भारतीय पर्यटन विकास आदि प्रमुख है। प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि उदयपुर देश, दुनिया में पर्यटकों के बीच सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में से एक है। यहां आने वाले मेहमानों को इतिहास, संस्कृति और भारतीय परम्परा के साथ प्रकृति के खुबसूरत नजारे, झीलें, पहाड़ और जंगलों की त्रिवेणी देखने को मिलती है। जहां पर्यटकों को देश भर के अलग अलग हिस्सों में घूमकर देखने को मिलता है, वही मेवाड में एक ही क्षेत्र में उसका सम्मिश्रण मिल जाता है। इससे पूर्व विशिष्ठ अतिथि बीएन संस्थान के प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह रूपाखेड़ी, रामी रॉयल के संस्थापक अशोक जैन, महाराणा प्रताप स्मारक समिति के उपाध्यक्ष युद्धवीर सिंह, प्रो. बीएस राठौड़ ने अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर एस्टकोर्ट गाईड कमल सिंह, डीएस झाला, दिग्विजय सिंह शक्तावत, शौर्यगढ़ के जीएम रूपम सरकार, रामी रॉयल के जीएम दिनेश उपाध्याय, लाभगढ़ रिसोर्ट के जीएम उज्जवल मेनारिया, रजिस्ट्रार डॉ. तरूण श्रीमाली, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, प्रो. प्रेमसिंह रावलोत, डॉ. सुनिता मुर्डिया, डॉ. शिल्पा कंठालिया, डॉ. नीरू राठौड़, डा. दिनेश श्रीमाली, प्रकाश आचार्य, यामिनी राठौड़ सहित पीएचडी स्कॉलर्स एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने श्रमदान किया

**कोटा,** (निसं)। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने शुक्रवार को अपने विधानसभा क्षेत्र रामगंजमंडी में प्राइवेट बस स्टेंड के पास श्रमदान के दौरान झाड़ू लगाई। शिक्षा मंत्री के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने भी श्रमदान किया।

शिक्षा मंत्री ने लोगों को हाड़ौती भाषा में स्वच्छता रखने एवं पॉलीथिन का उपयोग पूरी तरह बंद करने की शपथ भी दिलाई। उपस्थित लोगों ने हाथ खड़े करके पॉलीथिन और डिस्पोजल आइटम का प्रयोग न करने की शपथ ली। दिलावर ने पॉलीथिन और डिस्पोजल आइटम के उपयोग नहीं करने की सलाह देते हुए कहा कि यदि हमें अपने परिवार को और समाज को स्वस्थ और निरोगी रखना है तो पॉलीथिन और प्लास्टिक के इस्तेमाल को पूरी तरह बंद करना होगा।

अभियान के तहत खैराबाद पंचायत समिति प्रधान कलावती मेघवाल, उपखंड अधिकारी नीता वसीटा, नगर पालिका रामगंजमंडी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक नागर, तहसीलदार, ब्लॉक विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी, स्कूली बच्चों, स्काउट गाइड के स्वयंसेवक सहित आमजन ने श्रमदान किया।



शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया।




मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को हरियाणा के असंध व तोशाम में भाजपा प्रत्याशियों समर्थन के में चुनावी सभायें कीं।

# 'सीमा पर गोली का जवाब गोले से दिया जाता है'

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हरियाणा के असंध व तोशाम में चुनावी सभायें कीं

- **''विदेश में देश का अपमान शहजादे की फितरत है'' भजनलाल ने चुनाव सभा में राहुल गांधी पर कटाक्ष किया।**
- **उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से डबल इंजन सरकार के कारण हरियाणा में विकास की रफ्तार दुगुनी हो गई है।**

असंध (हरियाणा), 27 सितम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को हरियाणा के असंध विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी योगेन्द्र राणा के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस का गरीब तथा मजदूर से कोई नाता नहीं है। इस पार्टी ने गरीब का हमेशा ही शोषण किया है, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केवल 4 जातियों, किसान, मजदूर, युवा और महिला को केन्द्र में रखकर उनके उत्थान के लिए अनवरत कार्य किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे राहुल गांधी दुनिया में देश को शर्मसार करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। वे सिक्ख भाइयों के लिए अनुचित टिप्पणी कर देश का मान गिराने का काम करते हैं। पूरी दुनिया जानती है कि कांग्रेस सरकार के समय में 1984 के दौरान सिक्खों के साथ क्या हुआ था। वे जब भी विदेश जाते हैं तो देशद्रोहियों के साथ मुलाकात करते हैं, उनके साथ खिचड़ी पकाते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भाजपा की सरकार ने हरियाणा के विकास को गति दी है। आज हरियाणा विकास के पथ पर दोगुनी रफ्तार से दौड़ रहा है। औद्योगिक क्षेत्रों का विकास, हाईवे का निर्माण और किसानों का कल्याण हमारी भाजपा सरकार ने किया है। इस विकास की गति को बनाए रखने के लिए भारी समर्थन के साथ भाजपा की सरकार बनाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने जब से देश की कमान संभाली है, दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है। सीमा पर जब भी एक गोली आती है तो इधर से गोला ही जाता है। मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद और नक्सलवाद पर प्रभावी नियंत्रण और भारत के बढ़ते गौरव से पूरा विश्व परिचित है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन को कांग्रेस के पिछले घोषणा पत्रों को देखना चाहिए, किस प्रकार उसने जनता से झूठे वायदे किए। लेकिन हमारी सरकार जो कहती है, वो करती है।

जनसभा में शर्मा ने असंध विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी योगेन्द्र राणा को अधिकाधिक मतों से विजयी बनाने की अपील की। सभा में हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित हुए।

मुख्यमंत्री ने हरियाणा के तोशाम विधानसभा क्षेत्र के बापोड़ा में भाजपा प्रत्याशी श्रुति चौधरी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा जवानों और किसानों की धरती है। मेहनतकश किसान देश को आगे बढ़ाता है और किसान का बेटा मां भारती की सेवा में समर्पित रहता है। लेकिन कांग्रेस ने हरियाणा में नौकरियों और जमीनों में सिर्फ घोटाले किए और 2014 से पहले हरियाणा में नौकरी के लिए पैसे लगते थे। अब 2014 के बाद से डबल इंजन की सरकार में हरियाणा के युवाओं को रोजगार और किसानों को सम्मान मिल रहा है और हरियाणा में विकास की रफ्तार दोगुनी हो गई है।

मुख्यमंत्री ने आव्हान किया कि मजबूत राष्ट्र और विकसित हरियाणा के निर्माण के लिए हरियाणा में भाजपा की जीत की हैट्रिक के साथ तोशाम प्रत्याशी श्रुति चौधरी को भारी मतों से विजयी बनाएं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हरियाणा प्रवास के दौरान शुक्रवार सुबह करनाल में मॉर्निंग वॉक पर निकले। इस दौरान उन्होंने सहजता के साथ आमजन से मुलाकात की और फीडबैक लिया।

# केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को जान से मारने की धमकी

बेगूसराय, 27 सितंबर। बेगूसराय से भाजपा के सांसद और केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को जान से मारने की धमकी दी गई है। गिरिराज सिंह के सांसद प्रतिनिधि रहे अमरेन्द्र कुमार अमर के मोबाइल पर व्हाट्सएप कॉल करके यह धमकी दी गई। अमरेन्द्र कुमार अमर ने बताया कि उन्हें पाकिस्तान से व्हाट्सएप कॉल किया गया और गिरिराज सिंह और उन्हें गाली गलौज की गई और अंजाम भुगतने की धमकी दी गई है। इस मामले में नगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है।

- **गिरिराज सिंह के सांसद प्रतिनिधि रहे अमरेन्द्र कुमार को वॉट्सएप पर कॉल के द्वारा धमकी दी गई।**

बेगूसराय हेड क्वार्टर डी.एस.पी. ने बताया कि अधिवक्ता और सांसद प्रतिनिधि अमरेन्द्र अमर के द्वारा नगर थाने की पुलिस को व्हाट्सएप पर एक आवेदन दिया गया है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि पाकिस्तान से एक व्हाट्सएप कॉल उनके फोन पर आया। इस कॉल में बेगूसराय सांसद एवं भारत सरकार के मंत्री गिरिराज सिंह और उनके सांसद प्रतिनिधि अमरेंद्र अमर को अंजाम भुगतने, यानी जान से मारने की धमकी दी गई।

अमरेन्द्र अमर ने पुलिस को इस बात की व्हाट्सएप पर आवेदन के जरिए सूचना दी। पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। नंबर और लोकेशन को भी ट्रेस कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर धमकी देनेवाला शख्स कौन था और उसका मकसद क्या था।

# मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों की दुबारा जिम्मेदारी तय की

- **आई.ए.एस., आई. एफ.एस. तथा आर. ए.एस. के नौ अधिकारी मुख्यमंत्री कार्यालय से विभिन्न विभागों की मॉनिटरिंग, प्रगति व फीड बैक का काम देखेंगे।**

जयपुर, 27 सितम्बर। आई.ए.एस. और आर.ए.एस. अधिकारियों के ट्रांसफर के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय में लगे अधिकारियों की शुक्रवार को जिम्मेदारी दोबारा से तय की गई है। मुख्यमंत्री कार्यालय में लगे कुल 9 आई.ए.एस., आई.एफ.एस. और आर.ए.एस. अधिकारियों को अलग-अलग विभागों का जिम्मा दिया गया है। ये अधिकारी मुख्यमंत्री कार्यालय से सभी विभागों की मॉनिटरिंग, कार्य योजनाओं की प्रगति, फीडबैक सहित अन्य कार्यों के कोऑर्डिनेशन का काम करेंगे।

1. संदेश नायक (एस.एस.), पीएचईडी (पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट), जीडब्ल्यूडी (वाटर रिसोर्स डिपार्टमेंट), आईजीएनपी (इंदिरा गांधी नहर परियोजना), सीएडी (काडमिनिस्ट्रेशन), माइंस एंड पेट्रोलियम, स्टेट सर्विस डिलीवरी वार रूम, सीएमआईएस (चीफ मिनिस्टर'स इन्फॉर्मेशन सिस्टम), डीआईपीआर (डिपार्टमेंट ऑफ इन्फॉर्मेशन एंड पब्लिक रिलेशन्स)।
2. टीजे कविता (प्रिंसिपल ओएसडी), फॉरेस्ट, एनवायरनमेंट, स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड, ट्रांसपोर्ट, सिविल एविएशन, यूथ एंड स्पोर्ट्स, पीडब्ल्यूडी (पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट), कैबिनेट, सीएमआरएफ (चीफ मिनिस्टर रिलीफ फंड), टूरिज्म, आर्ट एंड कल्चर, आर्कियोलॉजी एंड म्यूजियम्स, जीएडी (जनरल एडमिनिस्ट्रेशन), मोटर गैरेज, एस्टेट, जनरल एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ सीएमओ, आरटीआई एक्ट।
3. अंजू राजपाल (जेएस), मेडिकल एंड हेल्थ, मेडिकल एजुकेशन, आयुर्वेद, फैमिली वेलफेयर, डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल, ट्राइबल एरिया डवलपमेंट, वुमन एंड चाइल्ड डवलपमेंट।
4. जय प्रकाश नारायण (डी.एस.), रेवेन्यू, कॉलोनाइजेशन, सैनिक कल्याण, देवस्थान, हायर/टेक/संस्कृत एजुकेशन, एजुकेशन (प्राइमरी/सेकेंडरी), लैंग्वेज एंड लाइब्रेरी, प्लानिंग एंड मैन पावर, इकोनॉमिक्स एंड स्टैटिस्टिक्स, वीआईपी रेफरेंस, रेड्रेसल ऑफ पब्लिक ग्रिवेंस।
5. सिद्धार्थ सिहाग - ज्वाइंट सेक्रेटरी, उद्योग, एमएसएमई (लघु और मध्यम उद्यम), खादी और ग्रामोद्योग, बीआईपी (राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड), ईएसआईसी (कर्मचारी राज्य बीमा निगम), पीएसयूएस (राज्य स्वामित्व वाले उपक्रम), रीको (राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन), कानून और न्याय, वित्त और कर, उत्पाद शुल्क, लघु बचत, सामान्य प्रावधायी निधि।
6. जगवीर सिंह- ज्वाइंट सेक्रेटरी, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, जल संरक्षण और मृदा संरक्षण, प्रशासनिक सुधार, मुद्रण और स्टेशनरी, श्रम, रोजगार और कौशल विकास, कारखाना और बॉयलर, सूचना प्रौद्योगिकी, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, खाद्य और नागरिक आपूर्ति, कृषि, कृषि विपणन, उद्यानिकी, राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, पशुपालन, गोपालन, डेयरी, मत्स्य पालन।
7. ओपी बुनकर - ज्वाइंट सेक्रेटरी, शहरी विकास, स्थानीय निकाय, सहकारिता, संसदीय मामले, विधानसभा, चुनाव, आपदा प्रबंधन, राहत और पुनर्वास, सामाजिक न्याय और अधिकारिता, विकलांगता, शांति और अहिंसा विभाग, अल्पसंख्यक मामले, वक्फ।
8. राजकुमार सिंह - ओएसडी, -लोक शिकायत निवारण (मुख्यमंत्री कार्यालय)।
9. मनोज कुमार - डिप्टी सेक्रेटरी, लोक शिकायत निवारण (मुख्यमंत्री कार्यालय)।

# ''नाराज़'' सैलजा ने चुनाव प्रचार शुरू किया

- **गत एक पखवाड़े चुनाव अभियान से दूर रहीं कुमारी सैलजा गुरुवार को राहुल गांधी की कारनाल जिले की रैली में शामिल हुईं।**
- **वे टिकट वितरण में हुड्डा गुट को तरजीह दिये जाने के कारण नाराज़ थीं।**

चंडीगढ़, 27 सितंबर। कांग्रेस से 'नाराज' बताई जा रहीं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा हरियाणा विधानसभा चुनाव में ज़ोर-शोर से पार्टी प्रत्याशियों के प्रचार में लग गयी हैं। लगभग एक पखवाड़े से प्रचार से दूर रहीं कुमारी सैलजा गुरुवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की करनाल जिले में रैली में शामिल हुई थीं।

रैली में हरियाणा के नेता प्रतिपक्ष भूपेन्द्र सिंह हुड्डा भी थे। खबरें थीं कि चुनावों में टिकट वितरण में हुड्डा गुट को तरजीह देने और फिर कांग्रेस के एक कार्यकर्ता की कुमारी सैलजा को लेकर कथित जाति सूचक टिप्पणी के बाद वह नाराज हो गयीं थीं और खुद को पार्टी प्रचार से दूर कर लिया था। उससे पूर्व उन्होंने इस आशय का भी बयान दिया था कि वह विधानसभा चुनाव लड़ना चाहती थीं और मुख्यमंत्री पद की भी दावेदार थीं। सूत्रों के अनुसार इस बीच, कांग्रेस उन्हें मनाने की कोशिश करती रही, हुड्डा ने भी कार्यकर्ता की विवादास्पद टिप्पणी के बाद तुरंत बयान दिया था कि कुमारी सैलजा उनकी बहन की तरह हैं और उनके खिलाफ ऐसी टिप्पणी करने वाले के लिये कांग्रेस में जगह नहीं हो सकती।

## भाजपा में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

1995 में गुजरात में भाजपा की सरकार बनी थी। जब जोशी गुजरात भाजपा के संगठन महामंत्री बनाए गए थे तब मोदी को पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव बनाकर दिल्ली भेज दिया गया। मोदी मुख्यमंत्री बनना चाहते थे पर उन्हें वर्ष 2001 तक इंतजार करना पड़ा और 2001 में जब मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री बने तब उन्हें पहला काम किया जोशी को गुजरात से बाहर करने का। जोशी को भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री बनाकर दिल्ली भेज दिया गया। तब से ही दोनों एक दूसरे के खिलाफ हैं।

अटकलें है कि अगर जोशी अध्यक्ष बन गए तो मोदी के कई कट्टर समर्थकों को हटा दिया जाएगा। मोदी खेमे में इस बात को लेकर भारी चिंता है क्योंकि यह प्रधानमंत्री के रुप में मोदी के हटने की शुरुआत हो सकती है।

# लोकायुक्त पुलिस ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज की

- **एफ.आई.आर. में मुख्यमंत्री के साथ उनकी पत्नी तथा साले को भी आरोपी बताया है।**
- **दूसरी ओर सिद्धारमैया ने कहा कि यह राजनीतिक मामला है और उन्हें इसलिए निशाना बनाया जा रहा है, क्योंकि विपक्ष उनसे डरता है।**

बेंगलूरु, 27 सितंबर। कर्नाटक लोकायुक्त पुलिस ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एम.यू.डी.ए.) मामले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज की है। सूत्रों ने बताया कि लोकायुक्त पुलिस ने एम.यू.डी.ए. मामले में सिद्धरमैया और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। याचिकाकर्ता स्नेहमयी कृष्णा की याचिका पर फैसला सुनाते हुए जन प्रतिनिधि कोर्ट ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ एफ.आई. आर. दर्ज करने के निर्देश दिए थे।

कोर्ट ने अपने फैसले में कर्नाटक लोकयुक्त से इस मामले की जांच कर तीन महीने के अंदर रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश दिए थे, जिसके बाद आज मैसूरु लोकयुक्त पुलिस ने मुख्यमंत्री के खिलाफ मामला दर्ज किया।

इस मामले में सी.एम. को आरोपी नम्बर एक बनाया गया है, जबकि उनकी पत्नी पार्वती को आरोपी नम्बर दो बनाया गया है। वहीं, मुख्यमंत्री के साले मल्लिकार्जुन स्वामी को आरोपी नम्बर 3 और देवराज को आरोपी नम्बर 4 बनाया गया है। मुख्यमंत्री पर अपने अधिकारों को दुरुपयोग करके, उनकी पत्नी के नाम मैसुरु में एम.यू.डी.ए. साइट आवंटित करने का आरोप लगा है। याचिकाकर्ता ने आज सेशंस कोर्ट में एक और रिट पिटिशन फाइल कर इस मामले की सी.बी.आई. से जांच करने की अपील की है।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शुक्रवार को दावा किया कि मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एम.यू.डी.ए.) भूमि आवंटन मामले में उन्हें इसलिए निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि विपक्ष उनसे डरता है। इसके साथ ही, सिद्धरमैया ने कहा कि यह उनके खिलाफ पहला राजनीतिक मामला है।

मुख्यमंत्री ने दोहराया कि मामले में अदालत द्वारा उनके खिलाफ जांच का आदेश दिये जाने के बाद भी वह इस्तीफा नहीं देंगे क्योंकि उन्होंने कुछ गलत नहीं किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि वह कानूनी रूप से लड़ाई लड़ेंगे।

केंद्र सरकार पर सी.बी.आई., ई.डी. जैसी केंद्रीय एजेंसियों और देश भर के विपक्ष शासित राज्यों में राज्यपाल के कार्यालय का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि प्रशासन में राज्यपाल के 'हस्तक्षेप' के मुद्दे को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर बहस की जरूरत है।

## 'कांग्रेस एक ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सजा से बचने के लिए काम करती है। भ्रष्टाचार के प्रति उनका यह रूख कर्नाटक में अभी दिखा है पर पूरे देश में यह पहले से है। पूनावाला ने कहा, कांग्रेस का मुख्य कार्य पहला भ्रष्टाचार करना है और कोर्ट ऑर्डर के बाद खुद को पीड़ित दर्शाना है। वे किसी भी सूरत में जाँच एजेंसियों के राज्य में आने से रोकेंगे। क्योंकि उन्हें लगता है कि लूटना उनका जन्म सिद्ध अधिकार है। कांग्रेस चोरों की पार्टी है और प्रोफेशनल अपराधियों की तरह बच निकलने की कोशिश में है और उन्होंने सी.बी.आई. को पहले से प्राप्त मंजूरी वापस ले ली है ताकि उनके खिलाफ जाँच ना हो सके। कर्नाटक के मुख्यमंत्री पर तीन प्रहार हुए पहला तो यह राज्यपाल के मूडा जमीन मामले को बड़ा घोटाला मान कर जाँच के लिए सहमति दी, दूसरा प्रहार हुआ कर्नाटक हाई कोर्ट की तरफ से जिसने राज्यपाल के जाँच के आदेश को सही माना। तीसरा प्रहार हुआ स्पेशल कोर्ट की तरफ से जिसने मुख्ममंत्री के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज करने की अनुमति दे दी। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और कांग्रेस पार्टी नेता माननीय राज्यपाल के फैसले पर सवाल किया जो अनुसूचित जाति के है। एक कांग्रेस नेता ने तो राज्यपाल को धमकी दे डाली और उन्हें अपशब्द भी कहे।

# ई.डी. की चार्जशीट में लालू यादव को मुख्य साजिशकर्ता माना

## ''ऐसी योजना बनाई कि अपराध से अर्जित जमीन का कन्ट्रोल उनके परिवार के पास हो''

- **ई.डी. ने दावा किया कि साथ ही यह भी निश्चित किया गया कि जमीन उनसे या उनके परिवार से लिंक ना हो पाये।**

नई दिल्ली, 27 सितंबर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लैंड फॉर जॉब मामले में दाखिल सप्लीमेंट्री चार्जशीट में दावा किया कि तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार ने रेलवे में नौकरी देने के नाम पर लोगों से रिश्वत के तौर पर ज़मीन ली। चार्जशीट में आरोप है कि अपराध से अर्जित ज़मीन पर लालू प्रसाद यादव के परिवार का क़ब्ज़ा है। ईडी का आरोप है कि लालू प्रसाद यादव ने घोटाले की साज़िश इस तरह रची कि अपराध से अर्जित ज़मीन पर कंट्रोल तो उनके परिवार का हो लेकिन ज़मीन सीधे इनसे और परिवार से लिंक ना हो पाए।

चार्जशीट के मुताबिक, प्रोसीड ऑफ़ क्राइम, यानी अपराध से अर्जित आय को खपाने के लिए कई शैल कंपनियां खोली गईं और उनके नाम पर जमीनें लिखवाई गईं। तफ्तीश के दौरान खुलासा हुआ कि रेलवे की नौकरी और उसके नाम पर रिश्वत के तौर पर ज़मीन लेना दोनों लालू प्रसाद यादव ख़ुद तय कर रहे थे, इसमें उनका साथ दे रहा था उनका परिवार और करीबी अमित कत्याल। बतौर रिश्वत लिए गए कई ज़मीन के टुकड़े ऐसे थे जो कि लालू प्रसाद यादव के परिवार की ज़मीन के ठीक बराबर में स्थित थे। इन जमीनों को कौड़ियों के दाम पर खरीदा गया।

लालू प्रसाद यादव से जब उनकी बेटी को करोड़ों रुपए की जमीन गिफ्ट के तौर पर मिलने को लेकर सवाल किए गए तो उन्होंने इस पर टिप्पणी करने से साफ इनकार कर दिया। चार्जशीट के मुताबिक राबड़ी देवी के कार्यकर्ताओं द्वारा जमीन के टुकड़े खरीदे और बाद में उसे लालू प्रसाद यादव की बेटी को उपहार में दिए। लालू प्रसाद यादव के निजी कर्मचारी गिफ्ट डीड में गवाह के रूप में मौजूद थे। लालू प्रसाद यादव द्वारा अपने परिवार के सदस्यों के लिए पीओसी यानी अपराध से अर्जित आय (ज़मीन) हासिल करने के लिए रची गई आपराधिक साजिश साबित करता है।

चार्जशीट के मुताबिक इस लेनदेन को दूर के रिश्तेदारों से मिले गिफ्ट के रूप में पेश किया गया था, हालांकि दावे के विपरीत, मीसा भारती ने 25.03.2023 को अपने बयान के दौरान तथाकथित रिश्तेदारों हृदयानंद चौधरी और लल्लन चौधरी को जानने से इनकार कर दिया। साजिश के मुताबिक उक्त कंपनी ए के इंफोसिस्टम में अचल संपत्तियों के अधिग्रहण के बाद, अमित कत्याल ने 13-06-2014 को क्रमशः राबड़ी देवी (85प्रतिशत) और तेजस्वी प्रसाद यादव (15 प्रतिशत), जो लालू प्रसाद यादव की पत्नी और पुत्र हैं, को 100 प्रतिशत शेयर होल्डिंग हस्तांतरित कर दी, जिससे वो दोनों मेसर्स ए.के. इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के पास मौजूद भूमि के मालिक बन गए। इस तरह, कंपनी मेसर्स ए.के. इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, जिसकी संपत्ति 1.89 करोड़ रुपये (कंपनी की बैलेंस शीट के अनुसार) है, को ''अपराध की आय'' के अंतिम लाभार्थियों यानी लालू प्रसाद यादव के परिवार के सदस्यों ने 1 लाख रुपये की मामूली कीमत देकर अपने कब्जे में ले लिया।

# क्या नायडू ने तिरुपति लड्डू की अशुद्धि का विवाद ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के घी का प्रयोग तिरुपति प्रसादम बनाने के लिए नहीं किया गया। यदि यह बात है तो, पूर्व मुख्यमंत्री वाय.एस. जगनमोहन रेड्डी को दोषी व जिम्मेवार कैसे ठहराया जा सकता है। आज कई स्वतंत्र विचार वाले लोग यह प्रश्न उठा रहे हैं।

यदि ये आरोप हैं कि पूर्व मुख्यमंत्री वाय.एस. जगनमोहन रेड्डी के कार्यकाल में दूषित घी प्रयुक्त किया जा रहा था तो उस समय कोई शिकायतें क्यों नहीं थीं तथा घी के सैम्पलों को टैस्ट नहीं किया जा रहा था। तो, क्या इस समय ऐसे आरोपों को साबित किया जा सकता है?

वास्तव में तो इस मुद्दे को बढ़ा चढ़ा कर इस स्तर पर पहुँचा दिया गया है कि पूरे देश में इसकी चर्चा हो रही है। लेकिन, सच्चाई यह है कि इस न्यूज़ को जो इतनी भारी पब्लिसिटी मिलने के बावजूद भी भक्त गणों की भीड़ तथा लड्डूओं की मांग बहुत ऊंची बनी हुई है, जो इस बात का संकेत है कि बहुत से लोगों ने इस विवाद को नज़र अंदाज़ कर दिया है।

लेकिन, राजनीतिक स्तर पर यह मुद्दा देश भर में गूंज रहा है। भाजपा नेता कड़ा रूख अपना रहे हैं तथा ''हिन्दू एकजुटता'' को पुनर्जीवित करने के लिए इसका उपयोग कर रहे हैं, जो कि लोकसभा आम चुनावों में पहले ढीला पड़ गया था। हिन्दू भावनाओं को एकजुट तथा प्रेरित करने के लिए यह मुद्दा बहुत काम आएगा।

क्या आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने अपने राजनैतिक शत्रु को वाय.एस. जगनमोहन रेड्डी को मात देने के लिए अनजाने में धार्मिक कार्ड खेला है और ऐसा मुद्दा उठाया है जिसमें उनके ईसाई मूल पर संदेह खड़ा किया गया है? और जो इकोसिस्टम मुख्यमंत्री को घेरे रहता है, उन्हें रेड्डी पर आरोप लगाने के लिए उकसा रहा है। रेड्डी ने पक्षपात किया तथा हिन्दू मंदिर के प्रबंधन में ईसाईयों की नियुक्ति की।

यह मुद्दा जनगमोहन रेड्डी की बालाजी मंदिर की प्रस्तावित यात्रा से उस समय और भी प्रचंड एवं गरम होने वाला था, जब नायडू, पवन कल्याण तथा अन्य भाजपा नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि अगर पूर्व मुख्यमंत्री रेड्डी मंदिर जाते हैं तो वे तिरुमला के बालाजी मंदिर के अधिष्ठाता देव वैंकटेश्वर स्वामी के प्रति अपनी आस्था की घोषणा करें। अब, इस आवेशपूर्ण माहौल में, रेड्डी ने मंदिर की अपनी प्रस्तावित यात्रा निरस्त कर दी। उनके निन्दकों का कहना है कि रेड्डी ने अपनी प्रस्तावित यात्रा इसलिये रद्द की है क्योंकि वे अपनी आस्था के बारे में इस प्रकार की घोषणा करना नहीं चाहते थे। सूत्रों का कहना है कि जब जगनमोहन रेड्डी के पिता आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री थे, तब वे कई बार मंदिर गये तथा उन्होंने इस घोषणा पर हस्ताक्षर भी किये थे, जैसे कि पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी तथा अन्य अनेक लोगों ने किये हैं।

चूँकि इस मंदिर में दर्शन करने के संबंध में यह नियम लागू है, इसलिये सबको इसका पालन करना ही होता है।

अब आंध्र प्रदेश सरकार ने नौ सदस्यों की एक ''स्पेशल इन्वेस्टिगेटिंग टीम'' गठित कर दी है, जो इस प्रकरण की व्यापक जाँच करेगी। लेकिन राजनैतिक विश्लेषक यह जानना चाह रहे हैं कि इस मुद्दे की जाँच-पड़ताल कराये बिना, क्या नायडू का इतना हल्ला-गुल्ला सही था?

अब इस गहन जाँच के बाद ही यह तथ्य सामने आयेगा कि क्या लड्डू दूषित घी से बनाये जाते थे। इस बिन्दु पर अनिश्चितता एवं संदेह की स्थिति है। क्या यह मंदिर -स्तर पर प्रशासकीय असफलता है या फिर मंदिर को अपवित्र या बदनाम करने की कोई अनर्थकारी एवं सुनियोजित गतिविधि है, जैसा कि कुछ दक्षिणपंथी ऐक्टिविस्ट दावा कर रहे हैं।

और अगर बाद में सच्चाई या ऐसी कोई चीज सामने आती है, जो पूर्व मुख्यमंत्री रेड्डी के खिलाफ लगाये जा रहे सारे आरोपों के विपरीत हो, तो उस स्थिति में क्या होगा?

यही कारण है कि चेन्नई के सुमन्त सी. रमण जैसे विश्लेषक, जो इस मुद्दे को बारीकी से देख-परख रहे हैं, यह चाहेंगे कि नायडू तथा उनके सहायक किसी पर उँगली उठाने से पहले, जाँच पूरी हो जाने तक प्रतीक्षा करें।

# पंजाब भाजपा...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

निन्दकों का कहना है कि पार्टी का वोट शेयर तो इसलिये बढ़ा, क्योंकि 2024 में पार्टी राज्य की सभी 13 सीटों पर चुनाव लड़ी, जबकि 2019 में, पार्टी शिरोमणि अकाली दल के मित्रदल के रुप में केवल 3 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। पार्टी के कुछ ग्रुप खासतौर से लुधियाना और फिरोज़पुर सीटों पर भाजपा की हार का दोषारोपण जाखड़ पर कर रहे हैं।

पहले तो कांग्रेस में, और अब भाजपा में जाखड़ की उपेक्षा को इस तथ्य से जोड़कर देखा जा रहा है कि वे पगड़ीधारी नेता नहीं हैं। कांग्रेस ने जाखड़ की उम्मीदवारी की उपेक्षा करते हुये, मुख्यमंत्री पद के लिये चरणजीत सिंह चन्नी को आगे बढ़ाया था। और एक सिक्ख उम्मीदवार के लिये उसी प्रकार की प्राथमिकता भाजपा ने दिखाते हुये, रवनीत सिंह बिट्टू को नरेन्द्र मोदी की मंत्रिपरिषद में मंत्री बना दिया था, जबकि बिट्टू लोकसभा चुनाव हार गये थे।

सुनील जाखड़ स्व. बलराम जाखड़ के पुत्र हैं। बलराम जाखड़ पार्टी के महत्वपूर्ण पदों पर रहे थे तथा दो कार्यकालों में, लोकसभा अध्यक्ष भी रहे थे। इसके अलावा, किसानों में भी उनका मान-सम्मान था क्योंकि उन्होंने 1965 में ''भारतीय कृषक समाज'' नामक संगठन की स्थापना भी की थीं। कांग्रेस में रहते हुये, सुनील अबोहर सीट से तीन बार विधायक तथा एक बार गुरदासपुर लोकसभा सीट से सांसद निर्वाचित हुये थे। जहाँ भाजपा में उनकी स्थिति कामचलाऊ बनी हुई है, वहीं कांग्रेस में उनकी वापसी की संभावना भी खारिज की जा रही है।

## एकल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बजाय भाजपा नेता और मंत्री अहंकार और अनादर का सहारा लेते हैं। समाधान सीधा है, एक एकल, सरलीकृत जीएसटी और ये कांग्रेस की गारंटी है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जीएसटी कितना जटिल है इसका नमूना देखिए कि क्रीम बन पर 18 प्रतिशत जीएसटी है जबकि क्रीम पर पांच प्रतिशत और बन पर पांच प्रतिशत जीएसटी है।

## 'सी.बी.आई...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उठाये गये थे। इस आशय की एक घोषणा की माँग की गई थी कि उन वॉलंटरी शिक्षकों के नियमितीकरण के निर्देश देने वाले आदेश शून्य एवं अकृत (नल एंड वॉइड) किये जाते हैं तथा ऐसे किसी व्यक्ति को कोई अधिकार प्रदान नहीं करते हैं, जिसके पक्ष में ये आदेश दिये गये थे।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्सः0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908

# रूपनगढ़ जमीन विवाद मामला : फायरिंग से युवक की हत्या के मामले में 15 नामजद, 10 गिरफ्तार

## पांच मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर, 50-50 हजार का इनाम घोषित किया हुआ है

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर जिले के किशनगढ़ उपखंड स्थित रूपनगढ़ में पिछले दिनों जमीनी विवाद के चलते गोली लगने से एक युवक की मौत के मामले में पुलिस ने 15 आरोपियों को नामजद किया है। इनमें दस को गिरफ्तार कर लिया गया है, पांच मुख्य आरोपी फिलहाल पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। पुलिस ने उन पर 50-50 हजार का इनाम घोषित किया हुआ है। जिन दस आरोपियों को पकड़ा गया है उनमें से 6 वारदात में शामिल मौके पर थे जबकि शेष चार ने वारदात के षड्यंत्र में अहम भूमिका निभाई थी।

अजमेर जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने शुक्रवार को मामले का खुलासा करते हुए कहा कि फरार आरोपियों की तलाश में टीमें गठित कर फील्ड में भेजा हुआ है, जल्दी ही अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस ने वारदात में काम लिए गए दस वाहनों को भी पकड़े गए अपराधियों से अपने कब्जे में लिए हैं। एसपी राणा ने कहा कि अपराधियों की जड़ तक पहुंच कर उसको नष्ट करना उनका लक्ष्य है। पुलिस के 40 से ज्यादा कर्मचारियों को छोटी-छोटी टीमों में बांटा गया है। एसपी वंदिता राणा ने कहा कि पुलिस की प्राथमिकता जमीनी विवाद में गोलीबारी करने वाले अपराधियों को पकड़ कर जेल की सलाखों के पीछे भेजने की है। जमीन किसकी है वगैरह की जांच अनुसंधान करना दूसरा विषय है। उससे संबंधित भी दस्तावेज देखे जा रहे हैं। इस मामले में यदि कहीं संबंधित क्षेत्र की थाना पुलिस की लापरवाही भी सामने आई तो निश्चित ही एक्शन लिया जाएगा।

एसपी वंदिता राणा ने बताया कि रूपनगर में जघन्य हत्याकांड व फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले बीआरसी ग्रुप के 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल 6 आरोपी बांदरसिंदरी निवासी नंदलाल उर्फ नंदा, रूपनगर निवासी रामदेव, अर्जुन लाल, दूदू निवासी कमलेंद्र उर्फ कैलाश, अलवर निवासी आसम खां, रूपनगर निवासी मुकेश को गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि इसके साथ ही वारदात के षडयंत्र में शामिल बांदरसिंदरी निवासी रामजीलाल, रतनलाल, नरेंद्र, शिवराज को गिरफ्तार किया है। इनसे पूछताछ जारी है। वारदात में शामिल 5 मुख्य आरोपियों पर इनाम घोषित किया गया है जिनकी तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपियों की प्रॉपर्टी के बारे में भी दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। इसके साथ ही इनको और किस-किस ने सहयोग किया उनके बीच जांच की जा रही है। वारदात में नामजद मुख्य आरोपियों राजवीर फौजी, दिनेश चौधरी, नारू, पुखराज, हनुमान की तलाश जारी है। इनमें बलभाराम के दो भतीजे भी शामिल हैं। घटना में राजवीर फौजी नाम के व्यक्ति के द्वारा फायरिंग की गई थी।

एसपी वंदिता राणा ने बताया कि सरपंच के खिलाफ पूर्व में दर्ज मुकदमों पर भी जांच की जा रही है। उन मुकदमों का रिव्यू किया जा रहा है। मामले में किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं मामले में जेल में बंद बलभाराम से भी पूछताछ की जाएगी। पुलिस ने कड़ी सुरक्षा बंदोबस्त के बीच दसों आरोपियों को किशनगढ़ अदालत में प्रस्तुत किया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।


पुलिस ने फायरिंग से युवक की हत्या मामले में 10 जनों को गिरफ्तार किया।

- **रूपनगढ़ में पिछले दिनों जमीनी विवाद के चलते गोली लगने से एक युवक की मौत का मामला**


# दो ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल

## फोरलेन पर गलत साइड से आ रहे ट्रक चालक ने ट्रक को टक्कर मारी

**सादुलपुर, (निसं)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर स्थित गांव लुटाना पूर्ण के नजदीक फोरलेन पर शुक्रवार सुबह दो ट्रकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में एक जने की मौत हो गई, जबकि दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये, एक व्यक्ति को हिसार रेफर किया गया है। मृतक के परिजनों को सूचना मिलने पर वे शाम को पहुंचे, जहां पुलिस थाना राजगढ़ में मामला दर्ज कर मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

- **दुर्घटना इतनी भीषण थी कि एक ट्रक का अगला हिस्सा टूटकर अलग हो गया**

दुर्घटना इतनी भीषण थी कि एक ट्रक का हिस्सा ही अलग हो गया तथा ट्रकों के परखच्चे उड़ गए तथा ट्रक में फंसे चालक के शव को पुलिस ने जेसीबी मशीन से बाहर निकलवाया। क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क के बीच से हटाकर लगभग एक घंटे बाद सड़क मार्ग खुलवाया। सूचना मिलते ही थाना अधिकारी पुष्पेंद्र झाझड़िया तथा एएसआई रामनिवास राव मय पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे तथा घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया तथा मृतक चालक के शव को मोर्चरी रूम में रखवाया। चिकित्सकों ने एक गंभीर घायल को हिसार रेफर कर दिया है। थाना अधिकारी पुष्पेंद्र झाझड़िया ने बताया कि गुरलाल सिंह पुत्र सुखदेव सिंह जट सिख निवासी मोहबतपूरा थाना सदर पटियाला पंजाब ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि उसके पिता सुखदेव सिंह उनके ट्रक पर ड्राइवरी करते हैं। 23 सितंबर को उसके पिता अपनी गाड़ी में झाडू व मशीन भरकर पंजाब के लिए रवाना हुए थे। उनके पीछे ट्रक लेकर वह भी रवाना हुआ था। उसके पिता के साथ गाड़ी में सुभनित पुत्र सोनी सिंह निवासी शहदखेड़ी था तथा उसके साथ कंडक्टर दारा सिंह था। दर्ज मामले में बताया कि सुबह करीब 6.30 बजे राजगढ़ से रवाना होकर लुटाना मगनी बस स्टैंड के पास हाईवे पर पहुंचे तो उसके पिता आगे चल रहे थे तो सामने से एक ट्रक चालक ट्रक को गलत साइड में तेज गति ओर लापरवाही से ट्रक चलाकर लाया तथा उसके पिता के ट्रक को टक्कर मार दी। जिसके कारण ट्रक के सामने का केबिन खत्म हो गया और उसके पिता की मौके पर ही मौत हो गई तथा साथ में बैठे सुभनित को भी गंभीर चोट लगी। सामने वाले ट्रक के ड्राइवर को भी चोट लगी। जिसको ट्रक से नीचे उतारकर नाम पता पूछा तो अपना नाम पवन कुमार पुत्र आसूराम निवासी पंचोलिया थाना मकराना बताया, जिसको भी अस्पताल भिजवा दिया है।


हादसे में ट्रकों के आगे के हिस्से चकनाचूर हो गये।

## थाना इंचार्ज के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)।** विधायक डॉ. विकास चौधरी ने मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित कर बांदरसिंदरी थाना इंचार्ज पर जान-बूझकर पासपोर्ट आवेदन की प्रक्रिया में पुलिस सत्यापन के दौरान गलत तथ्य पेश करने का आरोप लगाया है। विधायक डॉ. चौधरी ने थाना प्रभारी पारुल यादव पर आक्षेप लगाते हुए अवगत कराया कि पासपोर्ट पुलिस सत्यापन के लिए गृह थाना बांदरसिंदरी में रिपोर्ट आई, थाना इंचार्ज ने बिना जांच किये राजनैतिक द्वेषता के वास्तविकता से परे जाकर रिपोर्ट दी, थाना अधिकारी द्वारा जारी रिपोर्ट में मेरा अपराधिक रिकार्ड बताया गया, जबकि पासपोर्ट के लिए आवेदन किया, तब न्यायालय में मेरे विरुद्ध कोई भी मुकदमा लंबित नहीं है, इसके बावजूद गलत जानकारी दी गई। विधायक चौधरी ने मुख्यमंत्री से मांग की है की थाना अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही कर आमजन में पारदर्शिता का संदेश दें।

# हिंदी विषय के अभ्यर्थियों की मुख्य सूची जारी

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा 2022 के अन्तर्गत हिंदी विषय के अभ्यर्थियों की मुख्य सूची जारी कर दी गई है। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

आयोग सचिव ने बताया कि उक्त परीक्षा अंतर्गत पात्रता जांच के लिए हिंदी विषय के अभ्यर्थियों की विचारित सूची 10 जनवरी 2024 को जारी की गई थी। इसके उपरांत 24 अप्रेल एवं 4 जुलाई 2024 को अतिरिक्त अभ्यर्थियों को पात्रता जांच के लिए विचारित सूची में अस्थाई रूप से सम्मिलित किया गया था। उपरोक्तानुसार विचारित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों की पात्रता जांच काउंसलिंग के माध्यम से करवाई गई। पात्रता जांच के बाद टीएसपी क्षेत्र के 8 तथा नॉन टीएसपी क्षेत्र के 72 अभ्यर्थियों को मुख्य सूची में सफल घोषित किया गया है।

## आयोग ने भर्तियों के विज्ञापन जारी किए

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा शुक्रवार को भू जल विभाग में तकनीकी सहायक- भू भौतिकी के 3 एवं चिकित्सा शिक्षा ग्रुप-1 विभाग में बायोकेमिस्ट के 13 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किए गये हैं। शैक्षणिक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया एवं अन्य जानकारी संबंधी विस्तृत सूचनाऐं आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि तकनीकी सहायक- भू भौतिकी के पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 1 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2024 की रात्रि 12 बजे तक एवं बायोकेमिस्ट के पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 8 अक्टूबर से 6 नवंबर की रात्रि 12 बजे तक किए जा सकेंगे। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

# उदयपुर आबकारी टीम ने पाली में कार्रवाई की

## अवैध रूप से शराब बेच रहे दो जनों को गिरफ्तार किया

**पाली, (निसं)।** पाली में आबकारी विभाग उदयपुर की टीम ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर दो अलग-अलग स्थानों से अवैध शराब बेचने के मामले में दो जनों को गिरफ्तार किया। टीम ने उनके कब्जे से अवैध शराब भी जब्त की। हालांकि उदयपुर की टीम का पाली में आकर कार्रवाई करना पाली आबकारी टीम की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है।

उदयपुर की स्टेट स्पेशल टीम बी के पीओ नरेंद्र सिंह सांजू ने बताया कि गुरुवार को पाली शहर के रामदेव रोड के रहवासी मकान में दबिश देकर वहां से बीयर की 11 बोतल, देशी व आरएमएल-82 पव्वे, 34 विभिन्न ब्रांड के पव्वे जब्त किए। उन्होंने मौके पर पाली आबकारी थाने की टीम को बुलाकर आगे की कार्वाई के लिए निर्देशित किया। टीम ने मौके से आरोपी आशापुरा नगर निवासी चंदू लाल पुत्र ओमप्रकाश जीनगर को गिरफ्तार किया। टीम ने पाली शहर में इंडस्ट्रियल एरिया में सिद्धार्थ रेस्टोरेंट वेज एंड नॉनवेज ढाबे से अवैध अंग्रेजी शराब, बियर, देशी व शराब जब्त की।

मौके से सुभाष नगर बी निवासी आरोपी रमेश पुत्र मांगीलाल भाट को गिरफ्तार कर पाली आबकारी टीम को आगे की कार्वाई के लिए सौंपा। टीम ने यहां से देशी व आरएमएल-230 पव्वे, 23 बीयर, 15 बीयर केन और विभिन्न ब्रांड के 44 पव्वे जब्त किए। दोनों ही कार्रवाई में स्पेशल टीम बी के कॉन्स्टेबल मनोज कुमार की मुख्य भूमिका रही।

- **उदयपुर की टीम का पाली में आकर कार्रवाई करना पाली आबकारी टीम की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है**

# बीकानेर: सैनिक की मौत पर गतिरोध बरकरार, परिजन शव लेने पर सहमत नहीं हुए

**बीकानेर, (निसं)।** जिले के सैनिक की मौत पर शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन शुक्रवार को भी गतिरोध बरकरार रहा और परिजन शव लेने पर सहमत नहीं हुए। गौरतलब है कि मृतक सैनिक को शहीद का दर्जा देने की मांग को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन जारी रहा। वहीं परिवार ने शव लेने से इनकार किया है। परिजन ने सैनिक को शहीद का दर्जा देने की मांग रखी है।

जानकारी के अनुसार नोखा उपखण्ड के पांचू निवासी भारतीय सेना के जवान रामस्वरूप कस्वां की जम्मू-कश्मीर में गोली लगने से मौत हो गई। घटना के समय जवान ड्यूटी पर था। सेना ने बुधवार (25 सितंबर) को शव जम्मू-कश्मीर से बीकानेर भेजा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल यश राठौड़ (सेवानिवृत) ने जिला कलेक्टर को भेजे पत्र में बताया कि सैनिक रामस्वरूप निवासी पांचू की मौत फिजिकल कैजूअल्टी का केस है। बैटल कैजूअल्टी (शहीद) का केस नहीं है। इस संबंध में सेना की कोर्ट ऑफ इंक्वायरी जारी है।

रामस्वरूप के भाई ने बताया कि रामस्वरूप की मौत के समय वह ड्यूटी पर जम्मू-कश्मीर में था। परिवार की सरकार से मांग है कि रामस्वरूप को शहीद का दर्जा और केन्द्र सरकार की ओर से शहीद के अनुरूप सभी लाभ दिए जाएं। शहीद के नाम पर सड़क का नामाकरण करने, पांचू पंचायत समिति में शहीद स्मारक बनाने समेत कई मांग रखी हैं। ग्रामीणों ने म्यूजियम सर्किल के पास नेशनल हाईवे को जाम कर दिया। जिससे बीकानेर-जयपुर नेशनल हाईवे पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया। यातायात पुलिस ने जिला परिषद के पास से वाहनों को डायवर्ट करना शुरू कर दिया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर, एसडीएम, अतिरिक्त पुलिस अधिकारी ग्रामीणों से वार्ता करने मौके पर पहुंचे। शहीद का दर्जा देने की मांग पर कोई आश्वासन नहीं दे सका।

शुक्रवार को दिन में कई दौर में ग्रामीणों की जन प्रतिनिधियों के साथ जिलाप्रमुख के निवास पर बैठकहुई। इससे उम्मीद जगी की शायद गतिरोध टुटेगा लेकिन शुक्रवार की देर शाम तक धरना स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों का जमावड़ा बना हुआ था। धरना स्थल पर जानकारी दी गई कि नागौर के आरएलपी सांसद हनुमान बेनीवाल शनिवार को बीकानेर आएंगे और धरनार्थियों से संवाद करेंगे।

- **मृतक सैनिक को शहीद का दर्जा देने की मांग, बीकानेर में मुख्य मार्ग म्यूजियम चौराहे पर तीसरे दिन भी लगातार जाम रहा**
- **शुक्रवार को दिन में कई दौर में ग्रामीणों की जन प्रतिनिधियों के साथ जिलाप्रमुख के निवास पर बैठक हुई, लेकिन कोई हल नहीं निकला**
- **नोखा उपखण्ड के पांचू निवासी भारतीय सेना के जवान रामस्वरूप कस्वां की जम्मू-कश्मीर में गोली लगने से मौत हो गई थी**


**महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर**

**निविदा सूचना**

विश्वविद्यालय में सामग्री/सेवा हेतु निविदा सूचना जारी की गयी है, जिसका यूबीएन GSU2425SSRC00028 (विश्वविद्यालय में फोटोग्राफी /विडियोग्राफी कार्य की द्वि-वार्षिक दर संविदा) व GSU2425SSRC00029 (ए.सी., वाटर कुलर, आर.ओ., कुलर, गीजर, रेफ्रीजरेटर के रख-रखाव हेतु द्वि-वार्षिक दर संविदा) है। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/24/5798 कुलसचिव

**कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर**

रेल्वे अस्पताल के सामने, रातानाडा, जोधपुर — 342001

क्रमांक :— 1217 दिनांक : 27.09.2024

**:: ई-निविदा सूचना संख्या -मुख्यालय/24/2024-25 ::**

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से प्राधिकरण एवं राजकीय विभाग में उपयुक्त श्रेणी मे पंजीकृत संवेदक जिनका पंजीयन 2 वर्ष की अवधि में पुनरावलोकन (Review) किया हुआ एवं फर्म /कम्पनी जो बिड दस्तावेजो में निर्धारित योग्यताएं पुर्ण करती है से निर्धारित प्रपत्र मे ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रकिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इन कार्य की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, निविदा, शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.jodhpurjda.org, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।

UBN No.:-JOD2425WLOB00169

राज.संवाद/सी/24/5815

अधिशाषी अभियंता, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर



**जोधपुर नगर निगम, (उत्तर)**

पोलोटेक्निक कॉलेज परिसर, रेजीडेन्सी रोड़, जोधपुर

E-Mail-nnjelectrical@gmail.com

क्रमाक:-सं./एफ-....../कार्य/2024/RL-3999 दिनांक:- 27.09.2024

**ई- निविदा सूचना क्रमाक RL-3994 दिनाक 27.09.2024**

जोधपुर नगर निगम द्वारा इच्छुक कार्यो के अनुभवी योग्यताधारी विधुत लाईसेन्सधारी संवेदको/अभियंता एंव नगर निगम में पंजीकृत नियमानुसार E-EWSD श्रेणी संवेदको या अन्य विभाग में पंजीकृत (E-EWSD-I) संवेदक से ऑन-लाईन "ई" टेण्डर प्रकिया से निगम शर्तो के अधीन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा के कार्यो, योग्यता, शर्तो की समस्त जानकारी वेबसाईट पर www.eproc.raj.in अथवा www.sppp.raj.nic.in अथवा www.lsg.rajasthan.gov.in/mcjn पर देखी जा सकती है। UBN No. DLB2425WSOB09024

राज.संवाद/सी/24/5812 आयुक्त

**कार्यालय नगर पालिका सांगोद जिला कोटा (राज.)**

E-Mail Id:- np.sangod@gmail.com Phone No.:-07450-294239

क्रमांक:-न0पा0सा0/2024/2605 दिनांक:-27.09.2024

**ई-निविदा-सूचना**

इस कार्यालय की निविदा सूचना संख्या 2600-04 दिनांक 27.09.2024 के द्वारा कुल 1 कार्य की अनुमानित लागत 16.06 लाख की किसी भी राजकीय/अर्द्धशासकीय/स्वायत्तशाषी विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित समस्त विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

| Work No. | UBN No. |
|---|---|
| 1 | DLB2425WSOB09115 |

राज.संवाद/सी/24/5838 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी

राजस्थान सरकार

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड प्रथम, जयपुर**

सी-ब्लॉक, बेसमेन्ट, स्वास्थ्य भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005 (राज.), फोन: 0141-2229737

क्रमांक: 1389 दिनांक : 25/9/24

**ई-निविदा सूचना संख्या: 27/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत जयपुर, टोंक एवं कोटपूतली- बहरोड़ जिले में रू. 201.60 लाख के 6 कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग / राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत अनुभवी संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेब साईट www.dipronline.org, www.sppp.raj.n, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।

UBN - 1. NRH 2425WSOB00997
2. NRH 2425WSOB00999, 3. NRH 2425WSOB01000
4. NRH 2425WSOB01002, 5. NRH 2425WSOB01003
5. NRH 2425WSOB01004

DIPR/C/9198/2024

अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, खण्ड प्रथम, जयपुर

**कार्यालय नगरपरिषद, करौली (राज0)**

फोन न.07464-294024 ई-मेल आईडी np.karauli@yahoo.com website - WWW.npkarauli.in

क्रमांक : 2091 दिनांक : 25.09.2024

**संशोधित ई-निविदा सूचना**

नगरपरिषद करौली की ई-निविदा सूचना संख्या 2012-13 दिनांक 24.09.2024 के द्वारा 03 कार्यो की आमंत्रित ई-निविदा सूचना की तिथिओं में तकनीकी कारणवश निम्न प्रकार संशोधन किया जाता है।

| क्र.सं. | तिथिओं का विवरण | पूर्व की तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 11.10.2024 | 12.10.2024 |
| 02 | भौतिक दस्तावेज जमा कराने की अंतिम तिथि | 12.10.2024 | 14.10.2024 |
| 03 | निविदा खोले जाने की तिथि | 13.10.2024 | 15.10.2024 |

राज.संवाद/सी/24/5759 आयुक्त, नगरपरिषद, करौली

**राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान**

दुर्गापुरा, जयपुर 302018 राजस्थान (राजस्थान सरकार द्वारा स्थापित)

क्रमांक :- 7496 दिनांक :- 27/09/2024

**ई-बिड सूचना संख्या - 7409/2024-25**

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान दुर्गापुरा जयपुर में नये आई.सी.टी आईटम्स अनुमानित लागत राशि रूपये 54.60 लाख क्रय हेतु पंजीकृत विनिर्माताओं/अधिकृत वितरक/डीलर से ई-बिड दिनांक 08.10.2024 को 01.30 पी.एम तक आमंत्रित की जाती है। ई-बिड से सम्बन्धित समस्त शर्ते व निर्देश एवं बिड प्रपत्र वेबसाइट http://sppp.raj.nic.in पर देखे जा सकते हैं एवं डाउनलोड किया जा सकते है। इन बिड में भाग लेने वाले बिडदाताओं को अपने डिजीटल हस्ताक्षर के माध्यम से इलैक्ट्रोनिक फॉर्मेट में वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सबमिट करना होगा। NIB Code : AGR2425A0274

UBN No. : AGR2425GLOB00303

राज.संवाद/सी/24/5803 निदेशक, राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान

**राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर**

क्र.सं.-संक्षिप्त वि.सं.14 एवं 15/परीक्षा/तकनीकी सहायक एवं बायोकेमिस्ट/EP-I/2024-25 दिनांक-27.9.2024

आयोग द्वारा विभिन्न विभागों के लिए 02 विज्ञापनों के तहत् ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। उक्त विज्ञापनों के तहत विज्ञापित पदों की शैक्षणिक योग्यता, विभागवार पदों की संख्या, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया, आयु सीमा व अन्य विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध पृथक-पृथक विस्तृत विज्ञापन का अवलोकन करें। इन विज्ञापनों के तहत् विज्ञापित पदों हेतु विभाग का नाम, पद नाम, विज्ञापन संख्या, पदों की संख्या, आवेदन अवधि व अन्य विवरण निम्नानुसार है-

| क्र.सं. | विभाग का नाम | पद का नाम | विज्ञापन संख्या | पदों की संख्या | आवेदन अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भू-जल विभाग | तकनीकी सहायक | 14/2024-25 | 03 | 01.10.2024 से 30.10.2024 |
| 2 | चिकित्सा शिक्षा (ग्रुप-1) विभाग | बायोकेमिस्ट | 15/2024-25 | 13 | 08.10.2024 से 06.11.2024 |

**अन्य बिन्दु व सूचना:-** एकबारीय पंजीयन शुल्क, आवेदन प्रक्रिया, प्रमाण पत्रों से संबंधित सूचना एवं परीक्षा से संबंधित अन्य बिन्दू सूचना के लिए आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नवीनतम एवं संशोधित परीक्षार्थियों हेतु आवेदन व परीक्षा संबंधी सामान्य दिशा-निर्देश तथा सम्बन्धित सेवा नियमों का अध्ययन आवश्यक रूप से कर लें। इसके अतिरिक्त उक्त परीक्षाओं के संबंध में समय-समय पर जारी सूचनाओं का अवलोकन आयोग की वेबसाइट http:/rpsc.rajasthan.gov.in पर कर सकते है। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्ग निर्देशन / सूचना/स्पष्टीकरण हेतु राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के परिसर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष सं.- 0145-2635212 एवं 2635200 पर सम्पर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर को सम्बोधित किया जाए।

DIPR/C/9311/2024 (रामनिवास मेहता) सचिव

**कार्यालय मेला प्रकोष्ठ नगर निगम, कोटा उत्तर/दक्षिण, राजस्थान**

राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, सी.ए.डी. सर्किल कोटा

email : nnksouth@gmail.com, websites : www.urban.rajasthan.gov.in/nnks, Ph.: 0744-2502142

क्रमांक:-ननिको/दक्षिण/मेला प्रकोष्ठ/2024/593-608 दिनांक :- 25.09.2024

**-:: ई-निविदा संशोधन सूचना ::-**

नगर निगम कोटा कोटा उत्तर/दक्षिण द्वारा पूर्व में जारी ई-निविदा सूचना 2024-25 क्रमांक 557-572 दिनांक 24.09.2024 में आंशिक संशोधन किया जाता है कि "131वाँ राष्ट्रीय मेला दशहरा 2024 के अवसर पर सिने संध्या स्टार नाईट कार्यक्रम आयोजित करने का कार्य की दिनांक 27.10.2024 के स्थान पर दिनांक 25.10.2024 पढ़ा जावें।" तदानुसार निविदाओं से सम्बंधित निविदा प्रपत्र, शर्ते वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड/अपलोड की जावें। निविदा संशोधन सूचना प्रपत्र से सम्बन्धित जानकारी नगर निगम कोटा की वेबसाईट www.kotamc.org, www.urban.rajasthan.gov.in/nnks, पर भी देखी जा सकती है। निविदा के किसी भाग को अथवा निविदा को निरस्त करने का अधिकार आयुक्त, नगर निगम कोटा दक्षिण में निहित होगा। निविदा के सम्बंध में किसी भी प्रकार की जानकारी कार्य दिवस में मेला प्रकोष्ठ कार्यालय (कमरा नं. 202) प्रथम तल में प्राप्त की जा सकती है।

शेष यथावत रहेगा।

राज.संवाद/सी/24/5788 अतिरिक्त आयुक्त एवं मेला अधिकारी, नगर निगम कोटा दक्षिण

**उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान**

No.:F-2(01)Acct/Contract/2024-25/129-131 Date: 26-09-2024

**ई-निविदा सूचना संख्या : 35/2024-25**

उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| | | |
|---|---|---|
| निविदा कार्यो की कुल लागत | : | रूपये 131.74 लाख (05 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि | : | 28-09-2024 को प्रातः 10.00 बजे से 09-10-2024 को सांय: 6.00 बजे तक |
| Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी | : | 28-09-2024 को प्रातः 10.00 बजे से 09-10-2024 को सांय: 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी | : | 10-10-2024 को प्रातः 11.00 बजे |

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN : ITU2425WSOB00286 TO ITU2425WSOB00290

राज.संवाद/सी/24/5817 अधिशाषी अभियन्ता-प्रथम, उदयपुर विकास प्राधिकरण

**कार्यालय नगरपालिका देवली (टोंक) राज.**

Office of The Municipal Board, Deoli (Tonk) Rajasthan

Tel.- (01434) 232013, E-mail : npdeoli@gmail.com

क्रमांक/न.पा.दे./विकास/ई निविदा/2024-25/1699 दिनांक : 27.09.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या (06/2024-25)**

नगरपालिका देवली (टोंक) द्वारा नगर निकाय देवली एवं राजस्थान सरकार के समुचित वर्ग के सूचीबद्ध ठेकेदारों/संवेदको एवं केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनो में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न उपयुक्त श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो, उनके निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑन-लाईन निविदा दिनांक 28.09.2024 को प्रातः 9.00 बजे से 07.10.2024 को सायं 06.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित निविदा प्रोसेसिंग शुल्क एवं निविदा शुल्क जरिये RTGS/NEFT द्वारा HDFC Bank Account Number 25991450000134 IFSC Code HDFC0002599 में दिनांक 07.10.2024 को सायं 6.00 बजे तक जमा करवाकर Transction ID सहित बैंक स्टेटमेन्ट की प्रति ऑनलाईन अपलोड करनी होगी। तकनीकी बिड दिनांक 08.10.2024 को दोपहर 03.00 बजे बाद एवं वित्तीय बिड तकनीकी निविदा सफल होने के बाद खोली जावेगी। निविदा फार्म एवं ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण व शर्ते वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय समय में उपलब्ध है। 01 कार्य की कुल लागत 23.92 लाख है।

NIB Code - DLB2425A2913

UBN No. - DLB2425WSOB09066

अध्यक्ष, नगरपालिका देवली — अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका देवली

राज.संवाद/सी/24/5827



अगर हम अश्विन और जडेजा के खिलाफ अच्छा खेलते हैं तो हम अच्छी स्थिति में होंगे। ये दोनों खिलाड़ी मेरे करियर में ज्यादातर समय गेंदबाजी करते रहे हैं। अश्विन और जडेजा की जोड़ी खेल का नतीजा तय करेगी। - **ग्लेन मैक्सवेल**

ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर, अश्विन और जडेजा के बारे में कहा।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



## कामिंदु मेंडिस

श्रीलंका के कामिंदु मेंडिस ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भी सेंचुरी ठोकी। कामिंदु मेंडिस सबसे कम पारियों में 5 शतक लगाने वाले एशियन बैटलर बन गए हैं। उन्होंने 13वीं पारी में 5वां शतक लगाकर इस मामले में सर डॉन ब्रैडमैन की बराबरी भी कर ली है।

कामिंदु मेंडिस ने एक दिन पहले ही लगातार 8 टेस्ट मैच में अर्धशतक लगाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था।25 साल के कामिंदु मेंडिस न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में उस समय क्रीज पर उतरे जब दिनेश चांडीमल शतक बनाकर आउट हुए।

**क्या आप जानते हैं ?...** एकदिवसीय क्रिकेट मैच में पहला शतक 1972 में इंग्लैंड के डेनिस एमिस ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध ओल्ड ट्रेफर्ड में बनाया था। (134 गेंदों में 103 रन)

# कानपुर टेस्ट के पहले दिन बारिश का खलल

## 36 ओवरों के खेल में बांग्लादेश ने 107 पर तीन विकेट गंवाये

### आकाशदीप ने दो व अश्विन ने एक विकेट लिया



कानपुर, 27 सितंबर। ग्रीनपार्क मैदान पर वर्षा प्रभावित दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन शुक्रवार को बांग्लादेश ने मेजबान भारत के खिलाफ तीन विकेट पर 107 रन बना लिये। बारिश और गीले मैदान के कारण अंपायरों ने 35 ओवर के बाद जब दिन के खेल की समाप्ति की घोषणा की, उस समय मोमिनुल हक 40 और मुशफिकुर रहीम छह रन बनाकर क्रीज पर डटे हुये थे।

आज के दिन का मुख्य आकर्षण आकाश दीप (34 रन पर दो विकेट) रहे जिन्होने अनुशासित गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुये बांग्लादेश की सलामी जोड़ी जाकिर हसन (0) और शादमान इस्लाम (24) के विकेट झटके हालांकि इसके लिये उन्हे अपने वरिष्ठ साथी जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज का भरपूर साथ मिला।

आकाशदीप ने पारी के नौवें ओवर में शानदान आउट स्विंगर के जरिये जाकिर हसन को गली पर खड़े यशस्वी जायसवाल के हाथों आउट कराया। पारी के शुरु से असहज महसूस कर रहे जाकिर ने 24 गेंदे खेली मगर खाता खोलने में वह असफल रहे वहीं शादमान गुड लेंथ गेंद को फ्लिक करने के प्रयास में चूके और पगबाधा करार दिये गये। इससे पहले बीती रात बारिश के कारण मैदान गीला होने के कारण टॉस भी एक घंटे विलंब से हुआ और दोनो टीमें करीब साढ़े दस बजे मैदान पर उतरी। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। भोजनावकाश तक करीब दो घंटे के खेल में बांग्लादेश दो विकेट खोकर 74 रन बना चुका था। बारिश रुकने के बाद खेल करीब डेढ़ बजे फिर शुरु हुआ जिसमें भारतीयों को तीसरी सफलता नजमुल हुसैन शांतो (31) के रुप में हाथ लगी जिन्हे रविचंद्रन अश्विन ने पगबाधा आउट किया।

अभी नये बल्लेबाज विकेट पर ठीक से नजर रख ही नहीं सके थे कि बारिश फिर शुरु हो गयी और दोपहर करीब पौने तीन बजे अंपायरों ने दिन का खेल खत्म करने की घोषणा कर दी। मौसम विभाग के अनुसार कानपुर में शनिवार को भी वर्षा का अनुमान है हालांकि टेस्ट मैच के आखिरी के दो दिन चटक धूप निकलने के आसार हैं जिसका असर परिणाम पर पड़ना तय है।

ग्रीनपार्क की कम उछाल वाली पिच को देखते हुये भारतीय टीम में बदलाव के कयास लगाये जा रहे थे और आज सुबह कुलदीप यादव के नेट प्रैक्टिस करने से स्थानीय प्रशंसक भी खासे उत्साहित थे मगर टॉस के तुरंत बाद कप्तान रोहित शर्मा ने चेन्नई टेस्ट वाले अंतिम एकादश में किसी भी बदलाव करने की घोषणा से साफ मना कर दिया। रोहित ने टॉस् के बाद संक्षिप्त बयान में कहा कि वह पिच में व्याप्त नमी का लाभ उठाने के लिये चेन्नई टेस्ट की तरह तीन तेज गेंदबाजों के साथ मैदान पर उतरेंगे वहीं बांग्लादेश ने नाहिद राणा और तस्कीन अहमद के स्थान पर तैजुल इस्लाम और खालिद को जगह दी है।

रोहित शर्मा ने कहा कि पिछले मैच में हमारी शुरुआत अच्छी नहीं रही थी मगर बाद में टीम ने वापसी कर ली थी। यहां दिलचस्प है कि 1964 के बाद यह पहला मौका है जब किसी भी टीम ने टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया है क्योंकि ग्रीनपार्क की पिच पर चौथी पारी में खेलना अति दुष्कर हो जाता है।

### अश्विन ने तोड़ा अनिल कुंबले का सालों पुराना रिकॉर्ड

## एशियाई पिचों पर 420 विकेट का आंकड़ा छूने वाले पहले भारतीय बने



नई दिल्ली, 27 सितम्बर। कानपुर में भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। हालांकि, बारिश के कारण पहले दिन का खेल बाधित रहा। लेकिन इस दौरान भारतीय स्पिनर आर अश्विन ने एक जादुई गेंद फेंक कर अनिल कुंबले का सालों पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। और एशियाई पिचों पर 420 विकेट का आंकड़ा छूने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। अश्विन ने बांग्लादेश की सबसे मजबूत साझेदारी नजमुल शंटो और मोमिनुल हक की जोड़ी को तोड़ने का काम किया।

बता दें कि, नजमुल शंटो और मोमिनुल हक ने भारतीय गेंदबाजों को काफी परेशान किया। भारतीय गेंदबाजों ने इस जोड़ी को तोड़ने के लिए काफी मशक्कत भी की। तभी आर अश्विन ने एक जादुई गेंद फेंकी और नजमुल शंटो अपना विकेट गंवा बैठे। मोमिनुल और शंटो के बीच 50 रनों की मजबूत साझेदारी हुई। 29वां ओवर आर अश्विन कर रहे थे, पहली चार गेंदें हो चुकी थई और पांचवीं गेंद पर उनके सामने नजमुल शंटो थे। अश्विन ने शंटो को जाल में फंसाया और एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। अंपायर ने आउट दिया और शंटो ने तुरंत डीआरएस ले लिया। लेकिन डीआरएस में भी शंटो नहीं बच पाए और उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा।

एशिया में भारत की ओर से सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने का रिकॉर्ड अब अश्विन के नाम दर्ज हो गया है। इससे पहले ये रिकॉर्ड अनिल कुंबले और उनके नाम पर था। अनिल कुंबले के नाम एशिया में कुल 419 टेस्ट विकेट थे, जिसकी बराबरी अश्विन ने पिछले टेस्ट मैच में कर ली थी। सीरीज का पहला टेस्ट मैच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम पर खेला गया था। जहां भारत ने 280 रनों से जीत दर्ज की थी।

## कानपुर टेस्ट के दौरान बांग्लादेशी प्रशंसक हुआ बेसुध

कानपुर, 27 सितंबर। कानपुर में भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट मैच के पहले दिन शुक्रवार को खेल के दौरान ग्रीनपार्क स्टेडियम परिसर में उस समय अफरातफरी मच गयी जब बांग्लादेश टीम का एक प्रशंसक बेहोश होकर सड़क पर गिर गया। सहायक पुलिस आयुक्त अभिषेक कुमार पांडे ने बताया कि टाइगर नामक एक बांग्लादेशी नागरिक आज स्टेडियम परिसर में गेट नंबर सात के पास बेसुध होकर गिर गया जिसे तुरंत उठाकर मीडिया गैलरी में लाया गया और प्राथमिक उपचार दिया गया। क्रिकेट प्रशंसक के बेहोश होने की वजह उमस भरी गर्मी बतायी जा रही है। उसकी हालत अब ठीक है मगर एहतियात के तौर पर उसके साथ सहायता के लिये एक कर्मी की नियुक्ति की गयी है। उन्होने बांग्लादेशी प्रशंसक के साथ मारपीट की घटना को महज अफवाह करार देते हुये कहा कि वह अब बिल्कुल दुरुस्त है। इससे पहले कुछ मीडिया रिपोर्ट मे कहा गया था कि मीडिया गैलरी के बाहर सड़क पर टाइगर के वेश में एक युवक के साथ स्थानीय खेल प्रशंसको ने मारपीट की। आरोप है कि बांग्लादेशी नागरिक अपनी टीम का उत्साहवर्धन करने के साथ भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को गाली दे रहा था।

## हीरो विमेंस इंडियन ओपन में शीर्ष भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी लेंगे भाग

नयी दिल्ली, 27 सितंबर। दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी महिला गोल्फ प्रतियोगिता हीरो विमेंस इंडियन ओपन के 16वें संस्करण में यूरोपियन टूर (एलईटी) सीजन की सात विजेता और अन्य शीर्ष अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भाग लेंगी। डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में 24 से 27 अक्टूबर आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि 400,000 अमेरिकी डॉलर है। इसमें क्रिस्टीन वुल्फ, केमिली शेवेलियर, और कैरोलीन हेडवाल इसके अलावा 2024 के सीजन के विजेताओं के साथ-साथ भारत के शीर्ष खिलाड़ियों के भी इसमें शामिल होने की उम्मीद है। हीरो मोटोकॉर्प के एक्सीक्यूटिव वाईस प्रेजिडेंट संजय भान ने कहा, हीरो विमेंस इंडियन ओपन न केवल भारत का प्रमुख गोल्फ टूर्नामेंट है, बल्कि लेडीज़ यूरोपियन टूर (एलईटी) कैलेंडर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमें हर संस्करण के साथ टूर्नामेंट की वैश्विक प्रतिष्ठा को बढ़ते हुए देखकर गर्व होता है। हीरो में, हम खेलों को बढ़ावा देने, एथलीटों को सशक्त बनाने और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## ब्रावो ने लिया क्रिकेट से संन्यास, केकेआर के मेंटर बने

### मेरा शरीर अब खेलने की अनुमति नहीं दे रहा इसलिए दिल पर पत्थर रखकर सन्यास ले रहा हूं : ब्रावो

### टी-20 क्रिकेट में 582 मैच खेलते हुए 631 विकेट लिये

नयी दिल्ली, 27 सितंबर। वेस्टइंडीज के दिग्गज ऑलराउंड ड्वेन ब्रावो ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने के कुछ घंटो बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटर बन गये हैं। ब्रावो ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक पोस्ट में कहा, मेरा दिमाग अभी और क्रिकेट खेलना चाहता है लेकिन मेरा शरीर अब इसकी अनुमति नहीं दे रहा है। मैं अपने आप को ऐसी स्थिति में नहीं डाल सकता कि मेरे टीम के साथी, प्रशंसक और जिन टीमों का अभी मैं प्रतिनिधित्व करता हूं, वे मेरे से निराश हों। इसलिए दिल पर पत्थर रखकर मैं इस खेल से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं। ब्रावो ने अपने 18 वर्ष




के करियर में टी-20 क्रिकेट में कई कीर्तिमान हासिल किया। वह आईपीएल, पीएसएल और बिग बैश में ट्रॉफी विजेता टीमों का हिस्सा रहे। इसके साथ ही वह दो बार टी-20 विश्वकप जीतने वाली वेस्टइंडीज के दल का भी हिस्सा रहे। उन्होंने टी-20 क्रिकेट में 582 मैच खेलते हुए 631 विकेट लिए।

सीपीएल में ब्रावो ने पांच टाइटल जीते, जिसमें तीन उन्होंने ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स के लिए तीन ट्रॉफी जीते। सीपीएल में पिछले कुछ सीज़न से ब्रावो युवा प्रतिभाओं को तराशने की भूमिका निभा रहे थे, वैसी ही भूमिका आईपीएल में इस समय महेंद्र सिंह धोनी सीएसके के लिए निभा रहे हैं।

ब्रावो आईपीएल के आगामी सत्र में गत विजेता कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के मेंटॉर होंगे। वह गौतम गंभीर की जगह लेंगे। ब्रावो ने हाल ही में सीपलए के मौजूदा सत्र के दौरान केकेआर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वेंकी मैसूर के साथ मुलाकात की थी। ब्रावो केकेआर के अलावा अन्य लीग में भी नाइट राइडर्स फ्रैंचाइजी का हिस्सा होंगे, जिसमें ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स (सीपीएल), लॉस एंजेलिस नाइट राइडर्स (एमएलसी) और अबु धाबी नाइट राइडर्स (आईएलटी 20) शामिल है। मैसूर ने अपने बयान में कहा, ब्रावो के जुड़ने से हम सभी उत्साहित हैं। उनके अंदर जीत का जज़्बा, उनका अनुभव खिलाड़ियों और फ्रैंचाइज़ी के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

वहीं ब्रावो ने अपने एक बयान में कहा, मैं पिछले 10 वर्षों से सीपीएल में ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स का हिस्सा हूं। तमाम लीग में नाइट राइडर्स के लिए और उनके खिलाफ खेलने के दौरान मेरे मन में इस फ्रैंचाइजी के लिए काफी सम्मान जगा है, जिस तरह से यह संचालित होती है। मालिकों का जज्बा, प्रबंधन का पेशेवर रवैया और पारिवारिक माहौल इसे एक विशेष जगह बनाती है। चूंकि मैं एक खिलाड़ी से अब कोच की भूमिका में परिवर्तित हो रहा हूं, ऐसे समय में यह मेरे लिए एक सही मंच है।

**राजधानी**

# मिलेट्स को बढ़ावा मिलने से छोटे किसानों को फायदा : भागीरथ चौधरी

**जयपुर**। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी शुक्रवार को जयपुर में फिक्की द्वारा आयोजित "राजस्थान मिलेट्स (मोटा अनाज) कॉन्क्लेव-2024" के दूसरे संस्करण में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की थीम "देश के मिलेट्स हब के रूप में उभरता हुआ राजस्थान" विषय पर संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में केंद्र सरकार और प्रदेश की भजनलाल सरकार बड़े पैमाने पर श्री अन्न "मिलेट्स" को बढ़ावा दे रही है। बाजरा, जौ, मक्का एवं सरसों जैसे मोटे अनाज के उत्पादन में राजस्थान देश में अग्रणी है।

- **जयपुर में फिक्की द्वारा आयोजित "राजस्थान मिलेट्स (मोटा अनाज) कॉन्क्लेव-2024" के दूसरे संस्करण में सम्मिलित हुए केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री**

फिक्की मिलेट्स कॉन्क्लेव-2024 को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि बाजरा हमारे कृषि एवं भौगोलिक परिदृश्य के अनुरूप आशाजनक भविष्य का प्रतीक है। इसमें बेहतर स्वास्थ्य के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत बनाने वाले आवश्यक पोषक तत्व मौजूद होते हैं। इसी के तहत 2023 को इंटरनेशनल मिलेट्स ईयर के रूप में मनाते हुए इसे बढ़ावा दिया गया। कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि श्री अन्न के फायदे ही फायदे हैं, विशेषकर हमारे छोटे किसानों को इससे बहुत लाभ हैं। श्री अन्न से उनकी आय बढ़ने के साथ ही देश की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।

चौधरी ने कहा कि श्री अन्न का सेवन स्वस्थ रहने का माध्यम है। श्री अन्न पोषकता से परिपूर्ण है, जिसे उगाने में किसानों को लागत कम आती है, इसके लिए फर्टिलाइजर की जरूरत नहीं पड़ती, कम बारिश में भी इसकी खेती आसानी से हो सकती है। छोटे किसानों की आमदनी बढ़ाने, लोगों को स्वस्थ रखने व देश-दुनिया में, भोजन की थाली में श्री अन्न को सम्मानजनक स्थान दिलाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र के माध्यम से वैश्विक मंच पर प्रस्ताव रखा, जिसका 72 देशों ने समर्थन किया और यूएन ने 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित किया। भागीरथ चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में श्री अन्न की महत्ता का प्रसार हो रहा है। श्री अन्न से एग्री स्टार्टअप्स बढ़ने के साथ रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो रही है। उत्पादन व उत्पादकता बढ़ने के साथ ही प्रोसेसिंग एवं निर्यात भी बढ़ेगा, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को बल मिले।

## राज्यपाल का महाराष्ट्र में हुआ भव्य नागरिक अभिनंदन

**जयपुर**। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे का शुक्रवार को महाराष्ट्र स्थित छत्रपति संभाजी नगर में भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। केंद्रीय परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी ने उन्हें श्री रामचंद्र मंदिर (मठ) बालाजी ट्रस्ट गाउण्ड पर अपार जनसमूह के मध्य आयोजित भव्य समारोह में देवगिरी गौरव सम्मान से विभूषित किया। बागडे को महाराष्ट्र के विभिन्न भागों से आए लाखों की संख्या में उपस्थित समूह ने भाव-भरा अभिनंदन करते हुए उनके लिए स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए अभिष्टिचंतन किया। उन्हें प्रदत्त देवगिरी गौरव प्रशस्ति पत्र में उनके सार्वजनिक जीवन के अंतर्गत किए गए कार्यों को स्मरण करते हुए उन्हें महाराष्ट्र के गौरव से अलंकृत किया गया।

# उप मुख्यमंत्री बैरवा के बेटे का पुलिस एस्कॉर्ट के साथ लग्जरी गाड़ी का वीडियो वायरल

**जयपुर**। उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने बेटे के सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने की घटना को लेकर सुबह मीडिया से बात करते हुए बताया कि वह अभी बच्चा है जी, लेकिन जब प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल ने डांट पिलाई, तो उसके बाद मीडिया को बुलाकर इस घटना को लेकर खेद प्रकट किया और बच्चे की समझने की बात मीडिया के सामने रखी।

वही उपमुख्यमंत्री बैरवा के बेटे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में बैरवा का बेटा रील बना रहा है और पुलिस नेताओं के बेटों को एस्कॉर्ट कर रही है। वीडियो में खुली जीप में चार युवक बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। गाड़ी में बैठे युवक में से एक डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा का बेटा है।

वहीं, डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने वायरल वीडियो पर बयान दिया है। डिप्टी सीएम ने कहा कि "वीडियो में मेरा बेटा नजर आ रहा है। इसमें कुछ गलत नहीं है। ये मेरा सौभाग्य है कि मोदी ने मुझ जैसे को उप मुख्यमंत्री बनाया। इसके बाद मेरे बेटे को भी महंगी गाड़ियों में बैठने का मौका मिल रहा है। उसने भी अच्छी गाड़ी को देखा है। मेरा

- **उपमुख्यमंत्री बोले, "बच्चा है जी!, लेकिन प्रदेश प्रभारी की दांट के बाद बैरवा ने खेद प्रकट किया"**

बेटा सीनियर स्कूल में पढ़ता है, वो अपने स्कूल के दोस्तों के साथ था। मेरा बेटा तो अभी तक 18 साल का भी नहीं हुआ। मेरे बेटे को कोई गाड़ी एस्कॉर्ट नहीं कर रही थी। वो गाड़ी सुरक्षा में पीछे-पीछे चल रही थी। अगर इसके कोई बेवजह तूल देता है तो उसकी मर्जी। वही बैरवा ने कहा कि सोशल मीडिया से मुझे पता लगा है स्कूल के दोस्त आर्थिक स्थिति से संपन्न थे। उनके पास गाड़ियां थी वह उसे गाड़ी में जाकर बैठ गया सोशल मीडिया के माध्यम से मुझे पता लगा तो बैरवा ने बच्चे को बुलाकर प्यार से समझाया। उसने कहा कि उनके पास गाड़ी थी और उन्होंने बुलाया तो मैं जाकर बैठ गया। बैरवा ने कहा कि मेरे पास अभी तक कोई गाड़ी नहीं है मेरी पत्नी के नाम एक जीप है जो अभी गांव में है क्योंकि मैं भारतीय जनता पार्टी से और नरेंद्र मोदी ने मुझे जो दायित्व दिया है। निश्चित रूप से मैं चाहता हूं कि मेरी वजह से पार्टी को कोई नुकसान ना हो इस बात के लिए मैं खेद प्रकट करता हूं। बैरवा ने कहा कि वह मेरा बेटा है इसलिए पुलिस ने उसकी सुरक्षा के लिए उसके पीछे गई थी।

## समाज कल्याण सप्ताह 1 से

**जयपुर**। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि प्रदेश भर में एक अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक समाज कल्याण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समाज कल्याण सप्ताह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जातियों, जनजातियों, अन्य पिछडा वर्ग, अल्पसंख्यक, विशेष योग्यजन, महिलाओं एवम बच्चों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित करने के साथ-साथ सामाजिक बुराइयों एवम कुरीतियों के विरूद्ध जनचेतना जाग्रत करना है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी इस सप्ताह के दौरान किए जाने वाले कार्य को विभिन्न दिवसों में बांटा गया है।

# पर्यटन को बढ़ावा देने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण : दिया कुमारी

**जयपुर**। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार (27 सितम्बर) को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर पर्यटन विभाग की ओर से अल्बर्ट हॉल पर राजस्थानी लोक कारों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से सराबोर सांस्कृतिक संध्या आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक संध्या में दर्शकों को जयपुर घराने का परम्परागत कथक व राजस्थानी लोक नृत्यों की जुगलबंदी ने दर्शकों को आनंदित किया। सांस्कृतिक संध्या के दौरान कालबेलिया व घूमर नृत्य की भी प्रस्तुतियों में उत्कृष्ट कोरियोग्राफी को खूब सराहा गया।

दिया कुमारी ने इस अवसर पर सोशल मीडिया कन्टेन्ट क्रिएटर्स को सम्मानित किया। इसके पूर्व उन्होंने आरटीडीसी जोधपुर के मारवाड हॉल का वर्चुअल उद्घाटन किया। उपमुख्यमंत्री ने विश्व पर्यटन दिवस की



**उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शुक्रवार को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर पर्यटन विभाग की ओर से अल्बर्ट हॉल पर सांस्कृतिक संध्या का उद्घाटन किया।**

बधाई देते हुए कहा कि हमें राजस्थान के पर्यटन, कला एवं संस्कृति पर गर्व है। हम राजस्थान को पर्यटन का सिरमौर बनाएंगे, राजस्थान को पूरी दुनिया में पर्यटन में नम्बर एक बनाएंगे। इसमें सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स का महत्वपूर्ण रोल होगा।दिया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति को जयपुर यात्रा की यात्रा करवाकर, जयपुर की वैश्विक ब्रांड इमेज को चर्चा में ला दिय था। उन्होंने कहा कि जब किसी देश का राष्ट्र अध्यक्ष या और कोई बड़े व्यक्तित्व पर्यटक स्थल पर आते हैं और फोटो खिचवाते हैं तो उस देश के आम लोगों में उस स्थान के प्रति उत्सुकता बढ़ जाती है, उस स्थान पर पर्यटन एकाएक बढ़ जाता है।शासन सचिव पर्यटन, कला एवं संस्कृति तथा पुरातत्व विभाग रवि जैन ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि राजस्थान और पर्यटन एक दूसरे के पर्याय है। हमारी विरासत को देखने हजारों लाखों पर्यटक आते हैं। हमें पर्यटन के विकास में बहुत कुछ किया है और बहुत कुछ और भी किये जाने की आवश्यकता है।

# किरोड़ी लाल मीणा विभाग की फाइलें निपटा रहे हैं : मदन राठौड़

**जयपुर**। मंत्री पद से इस्तीफा दे चुके किरोड़ी लाल मीणा को लेकर प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि वे सरकार का ही काम कर रहे हैं। आप पता कर लीजिए।

वह रोज विभाग से जुड़ी फाइलें निकाल रहे हैं। कहीं भी बैठकर काम करें, लेकिन वह सरकार का कामकाज देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के साथी मुंगेरीलाल के सपने देख रहे हैं। किरोड़ीलाल मीणा पूरी तरह से सरकार और संगठन के साथ हैं।

सरकार में कार्यकर्ताओं के काम नहीं होने के सवाल पर प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ताओं को तो मजबूत रखना ही होगा। कार्यकर्ताओं से संगठन मजबूत बनता है। संगठन ही सरकार बनाता है। काम का कोई अंत नहीं होता है, डिमांड लगातार बढ़ती जाती है। कार्यकर्ताओं के काम की मांग तो हमेशा बनी रहेगी। हमारा कार्यकर्ता मांग कर रहा है, इसका मतलब है कि वह जागरूक है।

युवा मोर्चा की कार्यकारिणी पर हुए विवाद को लेकर प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि कई मामले प्रभारी के स्तर के होते हैं।

सबकी राय ली जाती है। हम सब बैठकर अपने परिवार को मजबूत कर लेंगे। युवा मोर्चा की कार्यकारिणी पर कोई विवाद नहीं है। कई लोगों से चर्चा करनी होती है। जल्दबाजी हुई थी, उसमें हमने सुधार किया है।

# केकड़ी से जिले का दर्जा खारिज करने के संकेतों के बाद लोगों में आक्रोश

## केकड़ी के विभिन्न सामाजिक व व्यापारिक संगठन जिला बचाओ आंदोलन में शामिल हुये, आज केकड़ी बंद का आव्हान

**केकड़ी, (निसं)।** केकड़ी से जिले का दर्जा खारिज करने की अटकलों के बीच केकड़ी के लोगों में आक्रोश का उबाल फूट पड़ा है। विभिन्न सामाजिक व व्यापारिक संगठन पर अब खुलकर विरोध में आ गये हैं तथा सरकार को केकड़ी को हटाने का फैसला लेने से पहले आगाह करने में लग गए हैं।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को विभिन्न सामाजिक संगठनों ने जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर केकड़ी जिले को यथावत रखने की मांग की है। वहीं जिला बार एसोसिएशन ने भी आन्दोलन का बिगुल फूंक दिया। गुरूवार से शुरू हुई बार एसोसिएशन की पेनडाडन हडताल शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रही। शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने उपखण्ड कार्यालय के बाहर टेंट लगाकर धरना प्रदर्शन किया।



केकड़ी जिले को यथावत रखने की मांग को लेकर केकड़ी में जिला बार एसोसिएशन ने पेन डाउन हड़ताल कर प्रदर्शन किया।

इस मौके पर अधिवक्ताओ ने कहा कि केकड़ी जिला हम सब का मान और सम्मान है सरकार केकड़ी जिले को हटाने का फैसला लेती है तो सरकार के खिलाफ वो उग्र आन्दोलन करेंगे। इस मौके पर अधिवक्ताओ ने कहा कि केकड़ी जिला सरकार को करोड़ों का राजस्व दे रहा है फिर भी सरकार जिले के बजट का रोना रो रही है। अधिवक्ताओं ने कहा कि केकड़ी जिला हर मापदण्ड पर खरा उतरता है, जिला हटाने के संकोतों के बाद से ही आमजन में भारी निराशा है। जिला बनने के बाद केकड़ी जिले के लाखों लोगों की उम्मीदों के पंख लगे थे लेकिन अब सरकार गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाकर जिले को हटाती है तो आमजन को भारी निराशा होगी। इधर लगातार दूसरे दिन न्यायिक कार्य के बहिष्कार के कारण अधिवक्ताओ के चैम्बर बंद रहे जिससे परिवादियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

अधिवक्ताओं ने धरना प्रदर्शन के दौरान सर्वसम्मति से शनिवार को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का बहिष्कार करने का निर्णय लेते हुए केकड़ी जिले को यथावत रखने के लिए शनिवार को सम्पूर्ण केकड़ी बंद का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि केकड़ी बंद को विभिन्न सामाजिक संगठनों व व्यापारिक संगठनों ने समर्थन दिया है। बार अध्यक्ष रामावतार मीणा ने कहा कि जिले को हटाने के कयासों के बाद से केकड़ी में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है, लेकिन सरकार ने अब तक आश्वस्त नहीं किया है कि केकड़ी जिले को नहीं हटाया जाएगा। इसलिए सरकार को समय रहते आश्वासन देना चाहिए ताकि आन्दोलन रूक सके अन्यथा आन्दोलन और अधिक उग्र रूप धारना कर सकता है।

जिला बचाने के लिए बार एसोसिएशन को दाधीच दाहिमा समाज, अग्रवाल समाज, पठान समाज, क्षत्रिय खटीक समाज, लोधा समाज, रेगर समाज, आदर्श बडवा समाज, केकड़ी सर्राफा संघ, अखिल भारतीय बैरवा महासभा, पाराशर समाज, अखिल भारत हिन्दू महासभा, रावणा राजपूत समाज, देशवाली समाज, देवसेना, राजेश पायलट किसान संगठन, अखिल भारतीय जाट महासभा, क्षत्रिय महासभा, पार्षद मंजू बज, दिगम्बर जैन समाज, प्रान्तीय रेगर महासभा, अम्बेडकर वेलफेयर सोसायटी, विश्व हिन्दू परिषद आदि संगठनों ने समर्थन दिया है।

**जिला बचाने के लिए कलेक्ट्रेट के बाहर दूसरे दिन भी धरना जारी:-**केकड़ी जिला बचाओ समिति के तत्वाधान में जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर दूसरे दिन में धरना प्रदर्शन जारी रहा। दूसरे दिन बडी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अभियान को अपना समर्थन दिया। समिति के संयोजक रामावतार सिखवाल ने बताया कि धरना प्रदर्शन में केकड़ी शहर के साथ आसपास के गांवो के लोग भी शामिल हुए। इस मौके पर वैष्णव समाज, टैक्सी यूनियन, ट्रांसपोर्ट यूनियन, महिला सहायता समूह, केकड़ी वरिष्ठ जन संघ, प्रॉपर्टी डीलर संघ, अखिल भारतीय हिन्दू महासभा सहित अन्य संगठनों के लोगों ने धरने में शामिल होकर अपना समर्थन दिया।

■ जिला बार एसोसिएशन ने भी आन्दोलन का बिगुल फूंका, पेनडाडन हडताल दूसरे दिन भी जारी रही

वहीं दूसरी और भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी ने भी जिला कलक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर केकड़ी जिले को यथावत रखने की मांग की है। इस मौके पर आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष डीएल वर्मा, प्रेमचन्द मोची, द्वारका प्रसाद चंदेल, जगन्नाथ डिडवानिया, हेमराज रेगर, परमेश्वर लाल वर्मा, ओमप्रकाश बडोला, प्रभुलाल जागृत, सूरजकरण आदि मौजूद थे।

# सांसद रावत की आपत्ति पर कक्षा नौ की पुस्तक से गलत तथ्य हटेंगे

## सांसद रावत के पत्र के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय ने संशोधन के आदेश जारी किए

**उदयपुर, (कासं)।** सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने राजस्थान राज्य पाठ्यपुस्तक मंडल, जयपुर द्वारा कक्षा 9 के लिए प्रकाशित पुस्तक में मानगढ़ धाम के संत गोविंद गिरी महाराज के अलग भील राज्य बनाने के लिए प्रेरित होने संबंधी गलत टिप्पणी प्रकाशित किए जाने को लेकर गहरी आपत्ति व्यक्त की है। सांसद डॉ. रावत ने इस संबंध में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखा। मुख्यमंत्री कार्यालय ने इसे गंभीरता से लेते हुए प्रारंभिक शिक्षा विभाग को पाठ्यक्रम में आवश्यक संशोधन के निर्देश दिए हैं।

पत्र में सांसद डॉ. रावत ने बताया कि कक्षा 9 की पुस्तक राजस्थान का स्वतंत्रता आंदोलन एवं शौर्य परंपरा के अध्याय 4 में पृष्ठ संख्या 42 पर लिखा है कि सामंती एवं औपनिवेशिक सत्ता द्वारा उत्पीड़क व्यवहार ने गोविंद गिरी एवं उनके शिष्यों को सामंती व औपनिवेशिक दासता से मुक्ति प्राप्त करने हेतु भील राज्य की स्थापना की योजना बनाने की ओर प्रेरित किया।

सांसद रावत ने मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए कहा कि पुस्तक में प्रकाशित उक्त कथन पूर्णत: तथ्यों से परे हैं। मूलत: यह आंदोलन चेतना जागरण का आंदोलन था, जिसे संत गोविंद गिरी ने संप सभा का गठन करके अहिंसक तरीके से शुरू किया। वे तो अपने अनुयायियों के साथ पूर्णिमा के दिन मानगढ़ धाम पर हवन कर रहे थे। आदिवासी समाज के लोग वहां अपनी आस्था के अनुसार आहुति देने के लिए घी व श्रीफल लेकर पहुंचे थे। उसी दिन 17 नवंबर 1913 को अंग्रेज सेना ने इस आंदोलन को समाप्त करने के लिए क्रांतिकारियों का जघन्य नरसंहार किया।

■ सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने इस संबंध में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखा

इस के बाद संत गोविंद गिरी को गिरफ्तार कर आजीवन कारावास व उनके एक साथी पूंजा धीरा भील को काले पानी की सजा सुनाई। राजद्रोह का फर्जी मुकदमा दर्ज करने के लिए रिकॉर्ड में भील राज्य स्थापना की झूठी टिप्पणी लिखी अंग्रेजों ने संत गोविंद गिरी जी के विरुद्ध राजद्रोह का फर्जी मुकदमा दर्ज करने के लिए इस घटनाक्रम में अपने रिकॉर्ड में झूठा तथ्य अंकित किया। औपनिवेशिक दृष्टि से भीलराज स्थापना की टिप्पणी जबरन लिखवाई।

सांसद मन्नालाल रावत ने पत्र में लिखा कि इस टिप्पणी को उल्लेखित पेरा के रूप में पढ़ाया जाना सकल राष्ट्रीय चेतना के विरुद्ध है। इसे अक्षरश: इसी रूप में नहीं लेना चाहिए। इस विषय पर विशेषज्ञों के शोधपत्रों एवं तथ्यों को लेते हुए पाठ्यपुस्तक में उक्त टिप्पणी को संशोधित किया जाना आवश्यक है।



कोटा। पुलिस लाइन में स्थित नया गांव की पहचान का प्रतीक प्राचीन वट वृक्ष अचानक देर रात में धराशाही होकर गणेशजी के मंदिर पर आ गिरा। यहां के लोगों की मान्यता है कि यह वट वृक्ष करीब 220 साल पुराना है, जो कि रिटायर्ड इंडियन आर्मी ऑफिसर श्रवण लाल कुशवाहा के परदादा स्व. केशव कुशवाहा ने अपने बचपन में लगाया था। श्रवण लाल ने कहा कि गणेशजी का बहुत-बहुत धन्यवाद जो इस आपदा को अपने ऊपर लिया और इसमें किसी की कोई जान-माल की हानि नहीं हुई।

## संवेदकों का टेंडर बहिष्कार, ज्ञापन सौंपा

**दौसा, (निसं)।** नगर परिषद के संवेदकों ने बकाया भुगतान और टेंडरों पर रोक लगाने की मांग को लेकर एसीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि नगर परिषद द्वारा जारी किए गए कार्य टेंडरों को समय सीमा में पूरा करने के बावजूद उनकी ओर से बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया है। संवेदकों का कहना है कि नगर परिषद पर उनका लगभग 15-16 करोड़ रुपये का बकाया है, जो काफी समय से लंबित है। यह राशि प्राप्त करने के लिए वे कलेक्टर, एडीएम और एसडीएम से लगातार मांग कर रहे हैं, लेकिन अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस स्थिति ने संवेदकों में गहरी निराशा और असंतोष पैदा किया है, जिसके चलते उन्होंने टेंडर का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। उनका स्पष्ट संदेश है कि जब तक बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा, तब तक वे कोई नया कार्य नहीं करेंगे।

# गहने चोरी करने वाली हरियाणा की सांसी गैंग पकड़ी, चार गिरफ्तार

## बस में सवार महिला के बैग के चीरा लगाकर लाखों के गहने चोरी कर ले गए थे



तखतगढ़ थाना पुलिस ने बसों में गहने चोरी करने वाली हरियाणा की सांसी गैंग के चार बदमाशों को गिरफ्तार किया।

**पाली, (निसं)।** तखतगढ़ थाना पुलिस ने बस में सवारियों के बैग के चीरा लगाकर उनमें रखे रुपए-गहने चोरी करने वाली हरियाणा की शातिर सांसी गैंग के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे में वारदात के दौरान उपयोग ली कार भी जब्त की। रिमांड के दौरान चोरी किए गए गहने इनकी निशानदेही पर बरामद करने का पुलिस प्रयास करेगी।

एसपी चूनाराम जाट ने बताया कि 1 सितंबर को जालोर जिले के आहोर के बेदाणा कलां गांव की रहने वाली वदूदेवी पत्नी पुखराज कुमावत अपने बेटे रामलाल के साथ बस में तखतगढ़ आई थी। लौटते समय सांडेराव की ओर जा रहे थे। इस दौरान चार अन्य लोग भी उनके साथ गाड़ी में सवार थे जिन्होंने महिला व उसके बेटे को बातों में उलझाया और बैग में चीरा लगा कर सोने-चांदी के गहने चुराकर ले गए। मामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों के बारे में पुलिस को अहम सुराग हाथ लगे, जिनका पीछा किया और पड़ताल की तो हरियाणा के जिंद और हिसार गांव की गैंग द्वारा यह वारदात करना सामने आया।

■ पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात के दौरान उपयोग में ली गई कार भी जब्त की

■ आरोपियों ने पाली, जालोर, सांचोर, अजमेर में भी वारदातें करना स्वीकार की


चार आरोपियों को किया गिरफ्तार मामले में पुलिस ने पुलिस ने हरियाणा के हिसार जिले के गगनखेड़ी (हांसी सदर) निवासी सन्नी उर्फ सुनिल उर्फ चिन्ना पुत्र धर्मवीर सांसी, हरियाणा के हिसार जिले के सुलचानी (नारनौंद) निवासी नरेन्द्र उर्फ नन्ना पुत्र प्रेम सांसी, मोट रागड़ान नारनौंद निवासी रामनिवास पुत्र रोकनराम सांसी और सुनिल उर्फ सुल्लु पुत्र ताराराम सांसी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके कब्जे में वारदात में उपयोग ली कार भी जब्त की। आरोपियों ने पाली, जालोर, सांचोर, अजमेर में भी वारदातें करना स्वीकार की। आरोपियों को पकड़ने में तखतगढ़ थाने के हेड कांस्टेबल पदमाराम, कांस्टेबल सांवलाराम, तेगबहादूर की मुख्य भूमिका रही।

# चूरू निवासी शिक्षक को मिला न्याय

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान उच्च न्यायालय की एकलपीठ के न्यायाधीश फरजंद अली ने माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण के 21 जुलाई 2022 के आदेश के विरूद्ध प्रस्तुत रिट याचिका को खारिज कर दिया।

चूरू निवासी दिनेश कुमार की नियुक्ति राजस्थान अधीनस्थ शिक्षा सेवा नियम 1971 के नियम 20 के तहत द्वितीय श्रेणी वरिष्ठ अध्यापक के रूप मे 22 दिसंबर 1996 को उपनिदेशक माध्यमिक शिक्षा चूरू के द्वारा की गई। इसके अनुसरण में प्रार्थी ने 11 जनवरी 1997 को कार्यग्रहण कर लिया। इसके बाद 31 मई 1997 को आदेश जारी कर प्रार्थी को पुन: कार्यमुक्त कर दिया। 27 जून 1997 को उसे पुन: कार्यग्रहण करवाने का आदेश विभाग द्वारा पारित किया गया। पुन: कार्यग्रहण आदेश के क्रम में प्रार्थी ने 1 जुलाई 1997 को पुन: कार्यग्रहण कर लिया।

माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा उसकी सेवाओं की गणना जुलाई 1997 से की व उसे वर्ष 1997 के ग्रीष्मावकाश का वेतन भी नहीं दिया गया। साथ ही उससे चयनित वेतनमान के लाभ के लिये भी उसकी सेवाओं की गणना जुलाई 1997 से की गयी। सेवा संबंधी सभी लाभ उसे 11 जनवरी 1997 से ना देकर जुलाई 1997 से प्रदान किये गये। जबकि उसके द्वारा कार्यग्रहण 11 जनवरी 1997 को कर लिया गया था। अपने सेवा की गणना जनवरी 1997 से करने व अन्य लाभ जैसे चयनित वेतनमान, ग्रीष्मावकाश का वेतन आदि के लिये प्रार्थी ने विभाग के समक्ष कई बार निवेदन भी किया गया, परन्तु विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं गयी। विभाग के इस कृत्य से व्यथित होकर दिनेश कुमार ने एक अपील राजस्थान सिविल सेवा अधिकरण के समक्ष वर्ष 2019 मे प्रस्तुत की। वर्ष 2022में अधिकरण ने प्रार्थी के पक्ष में फैसला करते हुए उसे जुलाई 1997 के स्थान पर जनवरी 1997 से सेवा भी गणना करने चयनित वेतनमान का लाभ व वर्ष 1997 के ग्रीष्मावकाश का वेतन देने का आदेश 21 जुलाई 2022 को पारित किया।


पुष्कर में उदासीन आश्रम में स्थित भगवान शिव के मंदिर में शाम के समय कोबरा सांप को देखकर पुजारी समेत आश्रम के सेवादारों में हड़कम्प मच गया। संध्याकालीन आरती के ठीक पहले करीब पांच फीट लंबा स्पेक्टिकल कोबरा सांप दरवाजे के पीछे आकर छिप गया, जिस पर पुजारी पृथ्वीकान्त शर्मा की नजर पड़ गई। इसकी सूचना तुरन्त ही टीम पुलिसमित्र को आश्रम के पुजारी द्वारा दी गई। पुलिसमित्र टीम इंचार्ज के साथ स्नेक रेस्क्यूएर राजेन्द्र वच्चानी, मनीष कुमावत मौके पर पहुंचे। मंदिर परिसर की छानबीन करने पर कोबरा सांप को दरवाजे के पीछे छुपा पाया गया जिसे स्नेक रेस्क्यूएर राजेन्द्र वच्छनी द्वारा पकड़कर मंदिर परिसर में मौजूद पुजारी व सेवादारों को जानकारी देकर भयमुक्त किया गया।

# पालिका ने फोगिंग करवाई

**मालपुरा, (निसं)।** भारी बारिश के बाद खाली भूखण्डों व नीचे के क्षैत्रों में जलभराव होने से पनप रहे मलेरिया व डेंगुजनित मच्छरों से आमजन को राहत दिलाने के लिये पालिका अध्यक्ष व ईओ के निर्देशों पर शहर में फोगिंग करवाई गई। अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट ने बताया कि पार्षदों की मांग व शहरवासियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुये अध्यक्ष सोनिया सोनी व ईओ राहुल पारीक के निर्देशों पर शुक्रवार की शाम वार्डो में फोगिंग शुरू की गई। रोजाना चार वार्ड का रोस्टर बना फोगिंग सभी 35 वार्डो में की जायेगी।

# मालपुरा पालिका की बोर्ड बैठक में कई प्रस्ताव पारित हुये

## नवीन जिला अस्पताल भवन, हेलीपेड निर्माण सहित दीवाली पर सजावट का प्रस्ताव पारित हुआ

**मालपुरा, (निसं)।** मुख्यमंत्री की बजट घोषणा में केबिनेट मंत्री व मालपुरा विधायक कन्हैयालाल चौधरी के अथक प्रयासों से मालपुरा शहर में नवीन जिला अस्पताल की मिली स्वीकृति पर भवन निर्माण के लिये पालिका से भूमि आवंटन को लेकर शुक्रवार को पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी की अध्यक्षता में बुलाई गई बैठक में पहुंचे 11 भाजपा व दो निर्दलीय सहित 13 पार्षदों की मौजूदगी में जिला अस्पताल व हेलीपेड निर्माण के लिये भूमि सहित दीपावली पर सजावट व आतिशबाजी के प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित हुये।


मालपुरा पालिका सभागार में हुई बोर्ड बैठक में अध्यक्ष सोनिया सोनी सहित कई पार्षद मौजूद रहे।

राज्य सरकार के आदेश व केबिनेट मंत्री के निर्देशों पर शुक्रवार को बुलाई गई बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक का ऐजेंडा सभी 35 पार्षदों को सात दिन पूर्व लिखित में देने के बावजूद शुक्रवार को हुई बैठक में कांग्रेस से पार्षद बने पांच पार्षदों सहित कांग्रेस समर्थित 12 निर्दलीय व भाजपा के युधिष्टर सिंधी व सौरभ कनोजिया बैठक में अनुपस्थित रहे। निर्धारित समय पर शुरू हुई बैठक में भाजपा के डॉ. अंकित जैन, लोकेश बडोलिया, मणिशंकर सैनी, श्योजीराम शर्मा, बाबूलाल नावरिया, लक्ष्मी सैनी, नेहा विजय, ललीता सिंधी, मोनिका सोनी, समीक्षा सुराशाही सहित निर्दलीय रमेश सैनी व सुरेन्द्र राव ने बैठक में रखे तीनों प्रस्ताव पर अपनी सहमति जताकर पारित किया। भाजपा के श्योजीराम शर्मा ने मिटिंग के कार्यवाही रजिस्टर में अपना पक्ष दर्ज करवाते हुये बताया कि अस्पताल के पास अखिल भारतीय च्यवन गौड ब्राह्मण समाज की धर्मशाला व छात्रावास की भूमि पर समाज गत तीस साल से काबिज है। उक्त भूमि पर पक्का व पुख्ता निर्माण किया हुआ है। ऐसे में बिना समाज का पक्ष जाने व उसे संतुष्ट किये बगैर उक्त भूमि से समाज को बेदखल करना न्याय संगत नहीं है। ऐसे में उक्त भूमि को छोड शेष भूमि को ही अधिग्रहण किया जावे। जिस पर पालिका अध्यक्ष व ईओ ने पुनर्विचार कर उचित निर्णय का विश्वास दिलाया। बैठक में मौजूद पार्षद नेहा विजय सहित लोकेश बाडोलिया, मोनिका सोनी, अंकित जैन ने शहर मे चरमराई सफाई व्यवस्था को सुचारू करवाने व सभी वार्डो में विकास कार्य जल्द शुरू करवाने की आवश्यकता जताई। साथ ही भाजपा के बोर्ड मे भाजपा की सरकार मे भाजपा के ही पार्षदों के काम नहीं होने व उनकी शिकायतों का निस्तारण नहीं होने पर पार्षदो ने कड़ी नाराजगी जताई। बैठक से नदारद रहे पालिका उपाध्यक्ष पवन मैन्दवास्या सहित कांग्रेस व निर्दलीय पार्षदो ने बैठक के पश्चात प्रेस नोट जारी कर बताया कि 14 महिने बाद हुई बोर्ड बैठक में वार्डो में विकास कार्यो का ऐजेन्डा शामिल नहीं करने के कारण वो बैठक में नहीं पहुंचे। अस्पताल व हेलीपेड बने इसके वो विरोध में नहीं है। दीपावली पर सजावट व आतिशबाजी की निविदा ऑफलाईन के बजाय ऑनलाईन की जाये जिससे कार्य में पारदर्शिता रहेगी। किसी प्रकार का कोई भ्रष्टाचार नहीं होगा। आज मालपुरा शहर के हालात बिगड़े हुये हैं। सफाई व लाईट व्यवस्था चरमराने व पालिका के बेसकिमती भूखण्डों पर कब्जे होने के बावजूद कार्यवाही नहीं हो रही है। गंदगी से डेंगु व मलेरिया का प्रकोप बढ़ रहा है। इन सब समस्याओं के समाधान को भी बोर्ड बैठक में शामिल करते तो बेहतर होता।

■ बैठक में 35 में से महज 12 पार्षद व पालिका अध्यक्ष ही मौजूद रही, भाजपा के दो पार्षदों सहित कांग्रेस के सभी पार्षद नदारद रहे

## सार-समाचार

### श्वानों का आज होगा निःशुल्क टीकाकरण

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। विश्व रैबीज दिवस पर जिला मुख्यालय पर स्थित एक मात्र बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय में श्वानों का निःशुल्क टीकाकरण किया जायेगा। बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय के उपनिदेशक डॉ. उमेश वरगटिवार ने बताया कि रैबीज वाइरस जनित घातक जूनोटिक बीमारी है जो मनुष्य के साथ साथ पशुओ के लिए भी जानलेवा है। यह बीमारी पागल (रैबीज वाइरस से ग्रसित) श्वान के काटने से फैलती है। यह बड़ी संख्या में मनुष्य और पशुधन की मौत का कारण है जिससे पशुपालको को आर्थिक नुकसान भी होता है। पशु चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. हेतुदान ने बताया कि जिले में इस बार बहुउद्देशीय पशुचिकित्सालय एवं समस्त नोडल अधिकारियों को उक्त दिवस को रैबीज मुक्त जिला बनाने के लिए उस विशेष दिवस पर निःशुल्क रैबीज टीकाकरण कार्य किया जा रहा है। साथ ही आमजन में जागरूकता पैदा करने हेतु शिविर एवं गोष्ठियो का आयोजन भी किया जा रहा है। पशु चिकित्सक डॉ. जोगेन्द्र सिंह ने जिले की जनता से इन शिविर में अधिक से अधिक अपने पालतु श्वानों का टीकाकरण करवाने का आहावन किया। उन्होने बताया कि रैबीज पूरी तरह से रोकथाम योग्य है इसके लिये पालतु एवं स्ट्रीट डॉगस का सामुहिक टीकाकरण किया जाकर उक्त बीमारी की रोकथाम की जा सकती है। टीकाकरण कार्य में नगरीय निकायो एवं स्वयंसेवी संगठनों का सहयोग अपेक्षित है।

### ऊर्जा मंत्री को विद्युत समस्याएं बताई

**पोकरण**, (निसं)। पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने शुक्रवार को राजस्थान सरकार के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर से मुलाकात कर चर्चा करते हुए पोकरण विधानसभा क्षेत्र में लगातार आ रही बिजली समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। विधायक महंत ने ऊर्जा मंत्री से चर्चा करते हुए बताया की गर्मी का मौसम जारी हैं। जिसके चलते पोकरण विधानसभा क्षेत्र में बिजली को लेकर काफी समस्या बनी रहती हैं। विधायक ने बताया की पोकरण शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग बीस सालों से अधिक पुरानी बिजली की लाईन बिछी हुई हैं। जिसके कारण विद्युत तारे जगह- जगह से क्षतिग्रस्त है उनको जल्द सही करवाया जाए। बार - बार अघोषित बिजली कटौती के कारण आमजन को काफी परेशानी होती हैं। वहीं ज्ञापन में क्षेत्र की समस्याओं में 132 केवी जीएसएस सत्याया फांटा, 132 केवी जीएसएस सांकडा,132 केवी जीएसएस फलसूंड व 33 केवी जीएसएस मुकनसर का निर्माण कार्य अतिशीघ्र शुरू करने की मांग की। जिससे आने वाले समय में उच्च गुणवत्तापूर्वक तथा निर्बाध बिजली लोगो को मिल सके। वहीं विधायक ने ज्ञापन में बताया की पोकरण विधानसभा के किसानों को नए एग्रीकल्चर कनेक्शनो के सामान समय पर दिलाया जाए ताकि किसानों को समय पर बिजली आपूर्ति हो। मंत्री नागर ने विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज को उचित आश्वासन देते हुए जल्दी क्षेत्र में बिजली संबंधित समस्याओं का समाधान करने का पूरा भरोसा दिलाया।

### बालोतरा में माली समाज ने कार्रवाई मांगी

**बालोतरा**, (नि.सं.)। बालोतरा शहर के बिजनेस पार्क के पास कुछ दिन पूर्व मामूली कहासूनी होने पर ललित चौहान पर जानलेवा हमला किया गया जिसको लेकर माली समाज 84 पट्टी बालोतरा द्वारा जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम का ज्ञापन देकर दोषियों पर कठोर कार्यवाही की मांग की गई। माली समाज बालोतरा अध्यक्ष बाबूलाल गहलोत ने कहा कि एक साधारण व्यापारी के साथ ऐसी घटना होने से पुरे शहर वासियों में भय का वातावरण है व ललित चौहान जो कि पूर्व सभापति व भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष का पुत्र भी है उसके साथ ऐसी घटना होना अत्यंत ही दुर्भाग्य पूर्ण व निंदनीय है। अगर दोषियों पर कठोर कार्यवाही नहीं की गई तो माली समाज को प्रदेश में उठा प्रदर्शन करने पर मजबूर होना पडेगा।पीडि़त परिवार को न्याय मिलना चाहिए।पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष व पूर्व नगर परिषद सभापति महेश बी चौहान ने कहा कि आज पूरा माली समाज व हमारा परिवार एकत्रित होकर जिला कलेक्टर से गुहार लगा रहा है कि मेरे पुत्र के साथ जो घटना हुई वो बहुत ही निंदनीय है बालोतरा जैसे शांत वातावरण वाले व्यापारिक शहर में ऐसी घटनाएं होना अत्यंत चिंताजनक है प्रशासन को दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करनी चाहिए ताकि ऐसी घटनाएं दोहराई ना जाए और ऐसे अपराधियों में प्रशासन का डर होना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर माली समाज की सैकड़ो महिलाएं व पुरुष उपस्थित रहे।

### पाबूबेरा में खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**धोरीमन्ना**, (निसं)। उपखण्ड के ग्राम पंचायत भीमथल में पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पाबूबेरा में हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व प्रधान ताजाराम चौधरी ने कहा कि खेल मानव जीवन का अभिन्न अंग है, जो हम सभी के जीवन को शारीरिक व मानसिक रुप से सशक्त व समृद्ध बनाता है। साथ हीं हमारे अंदर छुपी प्रतिभा को ही सामने लाकर निखारने का एक अनुपम प्रयास भी है। निरंतर खेल का आयोजन गांव समाज में एकता स्थापित करता है। समारोह की अध्यक्षता कर रहे पीईईओ भीमथल खेताराम जाखड ने इस दौरान बताया किखेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें स्वस्थ रखने के साथ-साथ मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास का भी माध्यम है। इसके साथ ही, खेल हमें विज्ञान, मनोविज्ञान, संघटना, अनुशासन और नैतिकता की महत्वपूर्ण शिक्षाएं भी प्रदान करता है। स्टेट अवार्डी शिक्षक जगदीश प्रसाद विश्नोई ने बताया कि भीमथल पंचायत के पन्द्रह विद्यालयों के करीब दो सौ खिलाड़ी विभिन्न खेलों में भाग्य आजमाएंगे। समारोह में स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य अचलाराम सेवदा ने सभी को खेल की भावना से खेलने की इच्छा व्यक्त की। इस अवसर पर व्याख्याता बीजाराम सुथार, सरपंच रामलाल डऊकिया, सेवानिवृत्त वरिष्ठ अध्यापक करण सिंह चौहान,युवा नेता मुकेश गोदारा सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### महंत प्रतापपुरी मदन राठौड़ से मिले

**पोकरण**, (निसं)। क्षेत्रीय विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने शुक्रवार को जयपुर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड से मुलाकात की। उन्होंने राठौड को नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि उनके नेतृत्व में पार्टी को नई ऊंचाइयां मिलेगी। उन्होंने प्रदेश व विधानसभा क्षेत्र के संगठनात्मक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। आगामी दिनों में होने वाली संगठनात्मक नियुक्तियों में पार्टी के जमीन से जुडे कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देने के लिए कहा। इस दौरान विधायक महंत ने प्रदेश अध्यक्ष राठौड को पोकरण विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों और नवाचारों के बारे में बताया। उन्होंने कहा की प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बजट घोषणा में पोकरण को अनेक सौगाते मिली है। भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार में पोकरण विधानसभा अब विकास के पथ पर अग्रसर है। विधायक ने राठौड से पोकरण से जुडे विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

### दुःख भंजन बालाजी मंदिर से नगदी चुराई

**जोधपुर**, (कासं)। किला रोड स्थित टेकरी पर बने दुःख भंजन बालाजी मंदिर में चोरों ने सैंध लगाते हुए दानपेटी का ताला तोडक़र नगदी चुरा लिए। सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना किया। सदर कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि रामदेव गली पुरबियों का बास उम्मेद चौक निवासी शिव सिंह पंवार ने बताया कि 25-26 सितम्बर की रात्रि के समय चोर किला रोड टेकरी पर स्थित दुःख भंजन बालाजी मंदिर में प्रवेश कर दान पेटी का ताला तोडक़र उसमें रखी नगदी चुरा ले गए।

### जालोर के हर्षवर्धन राज्य स्तर पर खेलेंगे

**जालोर**, (कासं)। 68वीं जिला स्तरीय मलखम्भ (17-19 वर्ष) प्रतियोगिता में यू.एस. ऑक्सफॉर्ड सैकेन्ड्री स्कूल, जालोर के छात्र हर्षवर्धन सिंह पुत्र डूंगर सिंह कक्षा 7 ने में भाग लिया। जिनका चयन सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को देखते हुए राज्य स्तर पर किया गया है। छात्र हर्षवर्धन सिंह अब 7 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली 68वीं राज्य स्तरीय विद्यालयी खेलकुद प्रतियोगिता में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मंहगाया (भरतपुर) में अपना प्रदर्शन दिखाएगें। इससे पूर्व जिला स्तर पर आयोजित रा.उ.मा.वि. बैरठ में 23 से 27 सितंबर में भाग लेकर मलखम्भ खेल में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

### उदयभानु चारण ने कार्य संभाला

**जालोर**, (कासं)। जालोर के नवपदस्थापित अतिरिक्त जिला कलैक्टर उदयभानू चारण ने शुक्रवार को मध्याहन् पूर्व पदभार ग्रहण किया। नव पदस्थापित उदयभानु चारण मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद करौली के पद से स्थानान्तरित होकर आये है। वर्तमान अतिरिक्त जिला कलैक्टर शिवचरण मीना का स्थानान्तरण मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद करौली पर होने पर कलेक्ट्रेट तथा विभागीय अधिकारियों ने उन्हें विदाई दी तथा नव पदस्थापित एडीएम का फूल-मालाओं से स्वागत किया।

# जोधपुर ग्रामीण-उदयपुर की छात्रा टीमें क्वार्टर फाईनल में

**जालोर**, (कासं)। 68वीं राज्य स्तरीय 14 वर्श छात्र-छात्रा लॉन टेनिस प्रतियोगिता के दूसरे दिन छात्रा वर्ग के रोचक एवं संघर्षपूर्ण मुकाबले में जोधपुर ग्रामीण ने टोंक को तथा उदयपुर ने बालोतरा को प्री-क्वार्टर फाईनल मुकाबले में परासत कर क्वार्टर फाईनल में प्रवेश किया।

प्रतियोगिता के संयुक्त संचालन सचिव एवं भरत विद्या मंदिर के प्रधानाध्यापक राजकुमार माली ने बताया कि पुलिस लाईन में सम्पन्न छात्रा वर्ग के प्रातःकालीन मुकाबलों में टोंक ने गंगानगर को, जोधपुर ग्रामीण ने चितौड़गढ को, बालोतरा ने शाहपुरा को, उदयपुर ने ब्यावर को, जयपुर शहर ने नागौर को, अनुपगढ़ ने बुंदी को, जोधपुर ने चूरू को, केकड़ी ने करौली को, हनुमानगढ़ ने सीकर को तथा बांसवाड़ा ने कोटा को अपने खेल कौशल एवं तकनीकी का प्रदर्शन करते हुए अगले राउण्ड में प्रवेश किया। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को जालोर क्लब में सम्पन्न छात्र वर्ग के मुकाबले में जयपुर ने सांचौर को, चितौड़गढ़ ने सीकर को, टोंक ने शाहपुरा को, भीलवाड़ा ने ब्यावर को, झुंझूनू ने गंगानगर को, अजमेर ने कोटा को, उदयपुर ने कोटपूतली को, जैसलमेर ने बाड़मेर को, चूरू ने फलोदी को, हनुमानगढ़ ने अलवर को तथा जोधपुर शहर ने अनुपगढ़ को हराकर अगले राउण्ड में प्रवेश किया। प्रतियोगिता में शिक्षा निदेशालय बीकानेर द्वारा नियुक्त निर्णायक मण्डल एवं चयन समिति के सदस्य नंदकिशोर वागडी, विनिता शर्मा, उज्ज्वल दाधिच, राजबहादुर, चैन सिंह, भजनलाल, संतोश कुमारी एवं भैरू सिंह राठौड़ ने निर्णायक के रूप में प्रतियोगिता के मैच सम्पन्न करवाए।

प्रतियोगिता में शनिवार को क्वार्टर फाईनल तथा व्यक्तिगत सिंगल्स के मैच प्रारंभ होगे। जालोर क्लब तथा पुलिस लाईन में आयोजित हो रही इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बाल टेनिस खिलाड़ीयों के उत्साहवर्धन के लिए बड़ी संख्या में शहर के खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत आज

**जालोर**, (कासं)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशन में शनिवार को जिले के न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

लोक अदालत में न्यायालयों, उपभोक्ता मंच, राजस्व न्यायालयो के लिए कुल 9 बैंचेंज का गठन किया गया है। इन बैंचेंज के द्वारा राजीनामा की भावना से प्रकरण निस्तारित किए जाएंगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अहसान अहमद ने बताया कि जिला मुख्यालय पर जिला एवं सेशन न्यायाधीश हारून की अध्यक्षता में, न्यायिक मजिस्ट्रेट दिव्या गोदारा की अध्यक्षता में एवं प्री लिटिगेशन राजस्व प्रकरणों के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अहसान अहमद की अध्यक्षता में बैंच का गठन किया गया है। आहोर में न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधीर चौहान की अध्यक्षता में बैंच का गठन किया गया है। इसी प्रकार तालुका मुख्यालय भीनमाल मे अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश राजेन्द्र साहू एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महेंद्र कुमार टांक की अध्यक्षता में बैंचेंज का गठन किया गया। तालुका मुख्यालय सांचौर में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश ललित पुरोहित व एसीजेएम श्याम सुंदर की अध्यक्षता में बैंचेज का गठन किया गया है। इसी प्रकार रानीवाडा में न्यायिक मजिस्ट्रेट शालिनी चौधरी की अध्यक्षता में बैंचेज गठित की गई है। राजस्व प्रकरणों के लिए गठित बैंच में जालोर व सायला की बैंच में जालोर उपखंड अधिकारी मनोज को सदस्य बनाया गया है। इसी प्रकार आहोर में सायला उपखंड अधिकारी सूरजभान, भीनमाल बागोडा व जसवंतपुरा के लिए तहसीलदार रामलाल मीना, सांचौर व चितलवाना के लिए उपखंड अधिकारी प्रमोद कुमार एवं रानीवाडा हेतु तहसीलदार रामलाल को सदस्य बनाया गया है।

लोक अदालत में पक्षकारान के प्रकरण शीघ्र निपटाए जाते है, जिससे समय व धन की बचत होती है।

राष्ट्रीय लोक अदालत में पक्षकारान की आपसी सहमति से प्रकरण का निस्तारण किया जाता है, जिससे दोनों पक्षों की जीत होती है साथ ही प्रकरणों की अपील नहीं होती है। राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रकरण निस्तारित होने पर पक्षकार अपना न्याय शुल्क वापस प्राप्त कर सकते है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अहसान अहमद ने पक्षकारान से अपील की है कि वे जिन न्यायालयों में अपने प्रकरण चल रहे हैं । वहां जाकर अपने प्रकरणों को राजीनामा की भावना से निस्तारित करवाए।

## पौधारोपण किया

**जोधपुर**, (कासं)। भारतीय स्टेट बैंक प्रशासनिक कार्यलय जोधपुर एवं भारतीय प्रौध्यौगिकी संस्थान (आई आई टी) जोधपुर के संयुक्त तत्वाधान में एक पेड़ मां के नाम के अभियान के तहत सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम संस्थान परिसर में किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवसर पर बैंक द्वारा आई आई टी जोधपुर परिसर में 3000 पौधे लगाये गए एवं बैंक के उप महाप्रबंधक प्रमोद नारायण तिवारी ने कहा कि वृक्ष लगाना एक पुण्य कार्य हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि एक पेड सैकडो लोगों के लिए आक्सीजन का स्त्रोत हैं। हमें ज्यादा से ज्यादा वृक्षरोपण कर प्रकृति के संतुलन को बनाये रखना चाहिए।

इस अवसर पर आई आई टी जोधपुर के संयुक्त रजिस्ट्रार अमरदीप शर्मा, बागवानी विभाग के प्रबंधक अनूप एवं बैंक के ओर से मुख्य प्रबंधक महेश चौहान, शाखा प्रबंधक अभिलाषा कुमारी सहित कई जने मौजूद रहे।

## ई-नीलामी जारी

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के नेतृत्व एवं निर्देशन में प्राधिकरण की ई-नीलामी में राजीव गांधी नगर योजना सेक्टर बी एवं एफ के कुल 47 भूखण्डों की नीलामी में शुक्रवार को 05 भूखण्डों को नीलामी के जरिये विक्रय किया गया।

प्रभारी अधिकारी नीलामी शाखा संदीप सान्दू ने बताया कि शुक्रवार को राजीव गांधी नगर योजना सेक्टर एफ के भू.सं. 305, 321, 322, 338 व 339 की ई-नीलामी की गयी। जेडीए को भूखण्डों की नीलामी में 12,700/- प्रति वर्गमीटर की उच्चतम बोली दर प्राप्त हुई। इसी प्रकार ई-नीलामी के अन्तर्गत बुधवार को प्राधिकरण द्वारा राजीव गांधी नगर योजना सेक्टर एफ के भू.सं. 270, 271, 287, 288 व 304 की नीलामी की गई, जिसमें प्राधिकरण को 13,300/- प्रति वर्गमीटर की उच्चतम बोली दर प्राप्त हुई। जेडीए को गत दो दिवस में भूखंडों की नीलामी से लगभग 3 करोड से अधिक की आय होगी।

# बच्चों को स्वर्णप्राशन का सातवां व दूसरा डोज दिया

**बालोतरा**, (निसं)। आरोग्य भारती, बालोतरा एवं आयुर्वेद विभाग, बाडमेर के संयुक्त तत्वावधान में बालोतरा में दो केंद्र पुरानी ज्ञान दिशा और बी आर इंटरनेशनल स्कूल में आयुर्वेद विश्वविद्यालय की स्वर्णप्राशन का सातवां व दूसरा डोज दिया गया।

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर के कौमारभृत्य विभाग के अन्तर्गत चल रहे स्वर्णप्राशन कार्यक्रम के अन्तर्गत स्नातकोत्तर कौमारभृत्य विभाग द्वारा आरोग्य भारती, बालोतरा के संयुक्त तत्वाधान में पुरानी ज्ञान दिशा स्कूल में सातवां और बी आर इंटरनेशनल स्कूल में दुसरा डोज दिया गया। स्वर्णप्राशन के नियमित मासिक पुष्य नक्षत्र पर पिलाने से जन्म से लेकर 16 वर्ष तक के बच्चों के मानसिक विकास के साथ - शारीरिक विकास भी प्रमाणों में देखा गया। इसीलिए बालोतरा में प्रत्येक घर के बच्चों को स्वास्थय लाभ देने के उद्देश्य से आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के सर्वाधिक लोकप्रियस्वर्णप्राशन कार्यक्रम को आयुर्वेद विभाग, बाडमेर एवं आरोग्य भारती के माध्यम से बालोतरा में स्वर्णप्राशन का सातवां डोज सफलता पूर्वक करवाया गया।

प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति का कहना कि स्वर्णप्राशन की सही खुराक लेने से भविष्य में बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढाने में करार साबित होगा, जिससे चिकित्सा व्यवस्था पर बढने वाले आर्थिक भार को कम किया जा सकेगा। स्नातकोत्तर बालरोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. हरीश कुमार सिंघल के निर्देशन में स्वर्णप्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सुरंगिलाल सालेचा (पूर्व जिला संचालक), सुरेन्द्र कुमार जैन (संयोजक आरोग्य भारती बालोतरा), डॉ. अजय पारीक (आयुर्वेद विश्व विद्यालय जूनियर रेजिडेंट्स डॉक्टर), डॉ. कृष्णा चौधरी (आयुर्वेद विश्व विद्यालय जूनियर रेजिडेंट्स डॉक्टर), डॉ. कविता राजपुरोहित चिकित्सा अधिकारी ( आयुर्वेद चिकित्सा बालोतरा), केवल जी छाजेर(पचपदरा) प्रवीन पूंगलीया, डूंगर चंद माली, गौतम गहलोत, पारस पंवार, नेहा सैनी अशोक सालेचा, मुकेश गर्ग, गौरीशंकर शर्मा, रतनलाल, दिव्यांग पटवारी , सदस्य मौजूद रहे।

# खिलाड़ी दम दिखाएं : हेमाराम

**गुड़ामालानी**, (निसं)। क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ढीमडी बांटा में पंचायत समिति गुडामालानी ब्लांक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम मुख्य अतिथि पुर्व राजस्व मंत्री हेमाराम चौधरी,राणा सुरेन्द्र सिंह राठौड, शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश कडवासरा, एडवोकेट सुनिता चौधरी, पंचायत समिति सदस्य नाथाराम चौधरी,मगराज माचरा, पीसीसी सदस्य खुमाराम बैरड, प्रधानाचार्य तारा नेहरा के सानिध्य में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पुर्व राजस्व मंत्री हेमाराम चौधरी ने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाडी दमखम दिखाते हुए खेल को खेले एवं कहा कि जनता का आशीर्वाद रहा उतने दिन क्षेत्र में जितना भी हुआ उतना विकास किया । राणा सुरेन्द्र सिंह राठौड ने कहा कि छोटे छोटे बच्चों को प्रतियोगिता में भाग दिलाना बहुत ही अच्छी बात है ।

प्रतियोगिता में भाग लेने से आपस में तालमेल ओर प्रेम बढ़ता है। समय, मौसम , राज बदलते रहते हैं। लेकिन हमारे सम्पर्क नहीं बदलने चाहिए।

वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक मोहनलाल गोयल ने बताया कि पंचायत समिति गुडामालानी के 31 ग्राम पंचायत विद्यालय कि टीमों के कुल 580 छात्र छात्रा खिलाड़ियों ने भाग लिया।

इस मौके पर कार्यक्रम का मंच संचालन अध्यापक हेमाराम चौधरी के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में पीईईओ नारणाराम चौधरी, मदनसिह जाखड, कांग्रेस युवा नेता भोमाराम सियोल,उमाराम जाखड, उकाराम कलबी,पटवारी नरसीराम चौधरी, खुमानसिंह,राणाराम नेहरा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

**बाड़मेर संवाददाता के अनुसार :** राज्य स्तरीय बॉस्केट बॉल 14 वर्ष आयु वर्ग बालक बालिका प्रतियोगिता फयूचर लिंक टेक्नो सैकेण्डरी स्कूल बाडमेर की मेजबानी में हो रही है।

प्रथम दिन लीग मैचों में राजस्थान की सौ से ज्यादा बालक बालिका की टीमों के बीच सुपर लीग में जाने की लिये जंग जारी है।

## 45 प्रकरणों का अनुमोदन

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण कार्यालय में शुक्रवार को आयुक्त उत्साह चैधरी की अध्यक्षता में भवन मानचित्र अनुमोदन समिति एलपी की उच्चस्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सचिव भागीरथ विश्नोई, उपायुक्तगण, वरिष्ठ नगर नियोजक, उप नगर नियोजक, सहायक नगर नियोजक सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे। जेडीए भवन मानचित्र अनुमोदन समिति की बैठक में ले-आउट प्लान जोन 01 से 06 के औद्योगिक, व्यावसायिक, फार्म हाउस, होटल इत्यादि अन्य प्रयोजनार्थ के कुल 50 प्रकरण सक्षम स्वीकृति एवं अनुमोदनार्थ रखे थे। प्रकरणों पर चर्चा कर 45 प्रकरणों का अनुमोदन किया।

# विद्यार्थियों ने देशभक्ति के तराने गाए

**जालोर**, (कासं)। भारत विकास परिषद् जालोर की ओर से संस्कार प्रकल्प के तहत देशभक्ति पूर्ण गीतों पर आधारित राष्ट्रीय हिन्दी समूह गान, राष्ट्रीय संस्कृत समूह गान व लोकगीत प्रतियोगिता का आयोजन शहर स्थित ज्योति बा फूले उच्च माध्यमिक विद्यालय में कल गुरूवार को किया गया। जिसमें 6 विद्यालयों के कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने 8-8 विद्यार्थियों की संख्या में टीमों के रूप में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

समारोह के मुख्य अतिथि जालोर नागरिक सहकारी बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं साहित्यकार परमानंद भट्ट थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद् के प्रांतीय उपाध्यक्ष ( सेवा ) पदमाराम चौधरी ने की। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में माली समाज सेवा संस्थान ,जालोर के अध्यक्ष तेजाराम सोलंकी उपस्थित थे।

सर्वप्रथम भारत माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर वंदे मातरम् का गान कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद समारोह में परिषद् के प्रांतीय उपाध्यक्ष पदमाराम चौधरी ने स्वागत उद्बोधन देते हुए बताया कि भारत विकास परिषद् द्वारा संस्कार निर्माण के उद्देश्य से किये जा रहे विभिन्न प्रकल्पों में सर्वाधिक लोकप्रिय प्रकल्प राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता है जिसका मूल उद्देश्य हमारे देश की युवा पीढी में राष्ट्रीयता की भावना,चारित्रिक गुण,सामाजिक उत्तरदायित्व और नैतिकता के मूल्यों का सृजन करना है। मुख्य अतिथि परमानंद भट्ट ने अपने उदबोधन में बताया कि वर्तमान में पश्चिमी सभ्यता की आंधी में हमारे युवाओं की राष्ट्र भक्ति धूमिल होती जा रही है।

ऐसे में भारत विकास परिषद् के इस संस्कारमय आयोजन से निश्चित ही हमारे नवयुवकों में नवीन प्राण शक्ति का संचार होता दिखायी दे रहा है। कार्यक्रम में प्रतियोगिता सम्बन्धी नियमों की जानकारी देने के बाद प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया।

गूंजे देशभक्ति के तराने प्रतियोगिता में भाग ले रही टीमों ने अपने नियत क्रमांक अनुसार पहले हिंदी गीतों की प्रस्तुति दी ।

मनमोहक व एक से एक बढ कर देशभक्ति के ओतप्रोत ओजस्वी गीतों के तरानों से पूरा पांडाल गूंज उठा ।जब देशभक्ति के गीत विद्यार्थियों ने मधुर कंठ से वाद्य यंत्रों की लय के साथ समूह स्वर में गाये तो वातावरण देशभक्ति की भावना से सराबोर हो उठा। संस्कृत समूह गान प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने देववाणी संस्कृत भाषा में लयबद्ध स्वर लहरी में शुद्ध उच्चारण के साथ इन गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी तो उपस्थित श्रोतागण भी अभिभूत नजर आए। इसके बाद राजस्थानी भाषा में लोक संस्कृति व राष्ट्र वंदना के भावों के साथ मधुर लोकगीतों की प्रस्तुतियां दी गई । राष्ट्रीय समूह गान हिंदी व संस्कृत समूह गान की संयुक्त प्रतियोगिता में आदर्श विद्या मंदिर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय जालोर की टीम की छात्राएं प्रथम स्थान पर रही।

ज्योति बा फूले उच्च माध्यमिक स्कूल की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि विवेकानन्द आदर्श पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय जालोर के विद्यार्थियों की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसी तरह लोकगीत प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान भी आदर्श विद्या मंदिर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, जालोर की टीम ने प्राप्त किया।

निर्णायक की भूमिका में प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में अनुभवी संगीत विशेषज्ञ के रूप में आकाशवाणी कलाकर शिक्षाविद् जगदीश प्रसाद दवे, संगीत में स्टेट एवार्डी त्रिभुवन पुरोहित तथा संस्कृत भाषाविद् शिखा भूतड़ा सम्मिलित थे। समय पालक की भूमिका भंवरलाल सुथार ने निभाई।

कार्यक्रम का प्रभावी संचालन सचिव संतोषकुमार कुमार दवे ने किया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों, निर्णायकों तथा विद्यालयों के सभी टीम प्रभारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अंत में शाखा अध्यक्ष राजेन्द्र भूतड़ा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित कर आभार जताया।

इस अवसर पर कोषाध्यक्ष शंकरलाल सोलंकी, इस कार्यक्रम के प्रकल्प प्रभारी भूपेन्द्र सोनी,सायला शाखा कार्यकारी सचिव तेनसिंह परमार, महेन्द्र आनंद वैष्णव, प्रेम कुमार परमार, जयोतिबा फुले विद्यालय की प्रधानाचार्या सुशीला तिवारी, कमल किशोर भूतड़ा, मान सिंह सिसोदिया सहित भाविप के कई सदस्य, विद्यालयों के टीम प्रभारी, अभिभावक और प्रतिभागी विद्यार्थी उपस्थित थे। जन गण मन राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

## सार-समाचार

### 'गौ वंश की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं'

**बालोतरा**, (निसं)। गौ वंश के सुरक्षा एवं विकास को लेकर राजस्थान सरकार प्रतिबद्ध है, यह बात गोपालन एवं पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने अपने संबोधन में कही। गोपालन एवं पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत शुक्रवार को समदडी क्षेत्र की ग्राम पंचायत करमावास के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 68 वीं वॉलीबाल और वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता के समापन समारोह में अपने संबोधन में कहा कि राजस्थान सरकार गौ-वंश के सुरक्षा एवं विकास को लेकर राजस्थान सरकार प्रतिबद्ध है। गौ-वंश की सुरक्षा को लेकर हरसंभव प्रयासरत है। उन्होने कहा कि राजस्थान सरकार पशुपालकों के लिए सरकार विभिन्न योजनाएं चला रही है, हमे उसका लाभ उठाना चाहिए। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि को 6 हजार रूपये से बढाकर 8 हजार रूपये बढाने का काम किया। इसके साथ ही अनेक प्रकार के विकास कार्य करवाये जा रहे है। करमावास गांव के पशु उपकेंद्र को पशु अस्पताल में बदलने की घोषणा की गई है। इससे पूर्व सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल ने केबीनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत का स्वागत किया और क्षेत्र की मुख्य मांगो को प्रभारी मंत्री के नाते अवगत करवाया। उन्होने गांव के भामाशाहों का आभार प्रकट कर सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरण के साथ बधाई भी दी। कार्यक्रम में अधिकारियों के साथ कान सिंह कोटडी, जिला अध्यक्ष बाबूसिंह राजपुरोहित, स्थानीय प्रधान संतोष जीनगर, सोहनबसिंह भायल, हरी सिंह उमरलाई, खेताराम कालमा, खेताराम प्रजापत, हनवंत सिंह लालिया, पदमाराम स्थानीय सरपंच साहिबा, लक्ष्मण सिंह कोटडी, शैतान सिंह खंडप, मांगीलाल सेवाली, चेनाराम सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### पात्र व्यक्तियों लाभान्वित करें : यादव

**बालोतरा**, (निसं)। जिला स्तरीय बैंक समन्वय समिति की द्वितीय बैठक शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने की। इस बैठक में बैंको द्वारा जून 2024 तिमाही तक के लक्ष्य और अर्जित उपलब्धियों को जिला अग्रणी बैंक अधिकारी रमेश कालमा द्वारा समिति के समक्ष रखा गया। बैठक में जिले की बैंको का जून 2024 तिमाही के अंत तक ऋण जमा अनुपात, कुल जमाये कुल ऋण, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में अर्जित उपलब्धियां, कमजोर वर्ग में वितरित ऋण की समीक्षा की गई। जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों की जन कल्याणकारी योजनाओ का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने बैंक अधिकारियो को केसीसी, पशुपालको के लिए ऋण एवं गरीब तबके के लोगो की ऋण पर ज्यादा जोर देने तथा अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को ऋण योजनाओ का लाभ पहुंचने के निर्देश दिए। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड के आवेदकों को 1 लाख 60 हजार तक के ऋण रेहान मुक्त ऋण में करने के निर्देश दिए। बैठक में पशुपालको को ऋण वितरण करने की विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई। बैठक में अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से उप महाप्रबंधक श्याम सिंह चारण, नाबार्ड से महेंद्र सिंह, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से राजाराम बैरवा, बैंकों के नोडल अफसरों ने शिरकत की।

### चोरी के प्रयास का आरोपी गिरपतार

**बालोतरा**, (निसं)। बालोतरा जिले के सिवाना पुलिस ने शुक्रवार को मंदिर में चोरी का प्रयास करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार घेवाराम ने रिपोर्ट इस मजमून पेश कर बतायय कि 23 जुलाई 2024 की शाम को ग्राम तेलवाडा में गोगाजी मंदिर में लगे दानपत्र में से चोरी करने का प्रयास करने के दौरान खटपट की आवाज होने से वहा मोजूद लोगो ने देखा तो तीन लोग मंदिर के अन्दर थे व दानपात्र तोड रहे थे। दुसरे ओर लोगो को बुलाकर पकडने की कोशिश की तो वे भाग गये एक आदमी को पकड लिया गया। जिस पर उसका नाम पता पूछा तो भवंराराम होना बताया व पहले भी ग्राम के अन्य मंदिरो में चोरी की है। पुलिस ने प्रकरण की गम्भीरता को देख उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार थाना स्तर पर टीम का गठन किया। गठित टीम द्वारा चोरी का प्रयास करने वाले अभियुक्त भवंराराम उर्फ भवरलाल पुत्र मंगलाराम जाति मेघवाल निवासी वासन पुलिस थाना विशनगढ व दीनाराम उर्फ शिका पुत्र स्व. वरदाराम जाति मेघवाल निवासी वासन पुलिस थाना विशनगढ जिला जालोर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया।

### दस्तावेजों में छेड़छाड़ पर ई-मित्र बंद किया

**पाली**, (नि.सं.)। ई-मित्र परियोजना अंतर्गत पाली जिले की पंचायत समिति मारवाड़ जंक्शन की वोपारी ग्राम पंचायत में संचालित ई-मित्र कियोस्क धारक पंकज कुमार द्वारा दस्तावेजों में छेड़छाड़ के गंभीर प्रकरण में दोषी पाए जाने पर स्थाई रूप से बंद करने की कार्यवाही अमल में लाई गई। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के एनालिस्ट कम प्रोग्रामर संजय खान लोहार ने बताया कि मारवाड़ जंक्शन के वोपारी ग्राम पंचायत में संचालित ईमित्र कियोस्क धारक पंकज कुमार के खिलाफ जन आधार में दस्तावेजों में छेडछाड कर फर्जी दस्तावेज अपलोड कर जीवित सदस्यों को मृत बताते हुए नाम हटाने का आवेदन किया गया। जांच रिपोर्ट में कियोस्क धारक द्वारा दस्तावेजों में छेडछाड का दोषी पाया गया इस प्रकरण में विकास अधिकारी मारवाड़ जंक्शन की अनुशंषा के आधार पर ईमित्र कियोस्क को स्थाई रूप से बंद करने की कार्यवाही की गई।

### परिवहन विभाग ने 45 हजार जुर्माना वसूला

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर शहर में तिपहिया वाहन चालकों के विरूद्व परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग जैसलमेर द्वारा विषेष अभियान चलाते हुए क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर वाहन संचालित करने, बिना फिटनेस, बिना परमिट, बीमा, बिना लाईसेंन्स, व बिना रजिस्ट्रेषन के संचालित तिपहिया वाहनों (ऑटोरिक्षा), के विरूद्व शुक्रवार को विभागीय उड़नदस्ते द्वारा कार्यवाही करते हुए 14 वाहनों के चालान बनाकर, 4 वाहनों को कार्यालय में सीज करते हुए 4हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया। जिला परिवहन अधिकारी नितीन कुमार बोहरा ने बताया कि विभाग द्वारा आगे भी नियमित रूप से बिना/अपूर्ण दस्तावेजों के संचालित, परमिट शर्तों का उल्लंघन करने तथा मनमाना किराया वसूलने अथवा क्षमता से अधिक सवारी बैठाने वाले वाहन चालकों के विरूद्व कार्यवाही की जाएगी।

### जुआ खेलते आठ पकड़े, 17 हजार बरामद

**जोधपुर**, (कासं)। देवनगर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर खाइवाली कर रहे आठ लोगों को गिरफ्तार कर 17640 रूपए जब्त किए। एसीपी प्रतापनगर अंशु जैन ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर गुब्बा खेल रहे आठ लोगों को पकड़ा गया। जिनमें मजदूर कॉलोनी प्रतापनगर निवासी रिजवान, चांदणा भाखर रावों की बगेची के पास रहने वाले सवाई जोशी, काली बेरी अंबेडकर कॉलोनी निवासी प्रकाश सिंह, जगदंबा कॉलोनी प्रतापनगर के मोहम्मद अली, धोरादास बालेसर निवासी छगनलाल उर्फ गुड्डू, उमराव खां पेट्रोल पंप के पीछे प्रतापनगर निवासी हरीश वैष्णव, मजदूर कॉलोनी प्रतापनगर निवासी शहजाद एवं चांदणा भाखर के राजू भील को गिरफ्तार कर 17 हजार 640 रूपए बरामद किए गए।

### देवनानी ने सूर्यकांता व्यास को दी श्रद्धांजलि

**जोधपुर**, (कास)। विधानसभा अध्यक्ष वासूदेव देवनानी ने शुक्रवार को जोधपुर में पूर्व विधायक स्व. सूर्यकांता व्यास जीजी' को गीता भवन पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। विधानसभा अध्यक्ष ने पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया एवं शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। इस दौरान संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल, शहर विधायक अतुल भंसाली, ओसियां विधायक भैराराम सियोल, फलौदी विधायक पब्बाराम विश्नोई सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहे।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं संचिव नगर विकास न्याय , जैसलमेर**

सं.-1243 दिनांक- 27/09/2024

**लोक सूचना**

श्री मूलपुरी जी कम्पयूटर एज्यूकेशन एण्ड आई. टी. टेनिग संस्थान , जैसलमेर हेतु जरिए सचिव श्री रामेश्वर बोरावट , जैसलमेर द्वारा आंवटन हेतु इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का राजस्थान के नगरीय क्षेत्रों मे विभिन्न उद्देश्यो के लिए भूमि आंवटन नीति 2015 के अन्तर्गत भूमि आंवटन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है , अर्थात् -

| जिले के तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसंरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| जैसलमेर | दरबारी का गांव | 51 | 7689.02 वर्गमीटर |

इसलिए , इसके द्वारा समस्त संबधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यकित को राजस्थान के नगरीय क्षेत्रों मे विभिन्न उद्देश्यो के लिए भूमि आंवटन नीति 2015 पूर्वाकत प्रयोजनो के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृत अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप हे तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के15 दिन के भीतर - भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा । उपयुक्त नियम समय के भीतर - भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा ।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज .................... को जारी की गयी ।

प्राधिकारी अधिकारी एवं संचिव
नगर विकास न्यास जैसलमेर

# UNIVERSITY OF ENGINEERING & MANAGEMENT

## IEM - UEM Group | Jaipur and Kolkata

**IEM & UEM Institutions are Founded and Managed by IITians and Majority of Faculty are IITians**

Global Ratings | Times Higher Education Impact Rankings 2024 | GU Global University Rankings | nirf National Institutional Ranking Framework | Shalby Academy | AIMA All India Management Association Member | UGC | AICTE Approved | NAAC Accredited | AIU Member

**UEM Jaipur is Ranked in The Top Position in North India under Institutions Innovation Council by Ministry of Education, Govt. of India**

## Admissions Open

INDUSTRY ASSOCIATED DUAL DEGREE PROGRAM

CSE DATA SCIENCE - SAS | CSE CLOUD COMPUTING & VISUALIZATION | BBA DIGITAL BUSINESS - IIDE

"Students may opt for Dual Degree Programs - for example, a student may select Civil Engineering as major degree with CSE as minor degree or vice-versa"

## B.TECH
- CSE - ARTIFICIAL INTELLIGENCE & MACHINE LEARNING (AIML)
- COMPUTER SCIENCE & ENGINEERING WITH SPECIALIZATION
- Artificial Intelligence & Machine Learning (AIML)
- Block Chain Technology
- Big Data Analytics | Cloud Computing
- Cyber Forensic & Internet Security
- ELECTRONICS & COMMUNICATION ENGINEERING (ECE)
- Robotics & Artificial Intelligence
- VLSI Design & Technology
- Minor in Compute Science
- ELECTRICAL ENGINEERING (EE)
- Electrical & Computer Engineering
- Electrical & Electronics Engineering
- MECHANICAL ENGINEERING (ME)
- Automobile Engineering
- CIVIL ENGINEERING (CE)
- Sustainable Construction Engineering

## M.TECH
WITH SPECIALIZATION
- COMPUTER SCIENCE & ENGINEERING
- Big Data Analytics
- Cloud Computing
- Data Science
- Information Security
- ELECTRICAL ENGINEERING (EE)
- Power System Engineering
- Power Electronics & Drives
- Control System Engineering
- ELECTRONICS & COMMUNICATION ENGINEERING (ECE)
- Communication Engineering
- Micro-Electronics & VLSI
- Radio Frequency & Microwave Engineering
- MECHANICAL ENGINEERING (ME)
- Production Engineering
- Thermal Engineering
- CIVIL ENGINEERING (CE)
- Structural Engineering

## BBA/MBA
- BACHELOR OF BUSINESS ADMINISTRATION
- MASTER OF BUSINESS ADMINISTRATION
- MBA with Dual Specialization
- Marketing • Finance • Human Resource
- Business Analytics

## MBA Hospital & Healthcare Management

## BPT/MPT
- BACHELOR OF PHYSIOTHERAPY
- MASTER OF PHYSIOTHERAPY
- Cardiopulmonary | Neurology
- Pediatrics | Orthopaedics
- Musculoskeletal
- Sports

## POST GRADUATE DIPLOMA IN YOGA

## BCA/MCA
- BACHELOR OF COMPUTER APPLICATION
- Data Science • Cloud Computing
- Big Data Analytics
- Block Chain Technology
- Cyber Forensic & Information Technology
- Artificial Intelligence & Machine Learning
- MASTER OF COMPUTER APPLICATION

## MBA Executive

## M.Sc. in Computer Science

## Ph.D
- Computer Science & Engineering
- Electrical Engineering • Civil Engineering
- Mechanical Engineering • Management
- Electronics & Communication Engineering
- Physics • Chemistry • Mathematics
- Humanities • English

Zee राजस्थान — **Awarded for** — Zee Rajasthan Awards in Education Excellence 2024

Times B School Rankings 2024 — **Ranked # 4** — Position in North Zone as TOP BBA Institute by Times B School Rankings

1st इंडिया News — **Awarded for** — Excellent Placements in Engineering and Management - Domestic & International


India न्यूज़ — **Awarded for** — Most Trusted University with Skill Based Quality in Education and Best Placements in Rajasthan

Outlook ICARE Top Colleges of India Rankings 2024 — **Ranked # 36** — amongst TOP Private University in all over India

India Today Best Colleges Ranking Survey 2024 — **Ranked # 23** — for BCA - All India Private & Government Colleges

**MORE THAN 300+ Patents** | **500+ RESEARCH PAPERS** | **₹ 5 CRORES+ WORTH SCHOLARSHIPS PROVIDED TO THE MERITORIOUS STUDENTS** | **₹ 72 LPA HIGHEST ANNUAL SALARY OFFERED**

AWARDS & ACHIEVEMENTS OF UEM JAIPUR




**UEM JAIPUR has Highest Funded Patents in Rajasthan from Govt. of India**

**One of the Best PLACEMENT RECORDS of the Country**

**Placements at UEM Jaipur Continues till the last willing student is placed**

NUMBER OF Students Placed **2375** | NUMBER OF JOB OFFERS **3564+** | COMPANIES VISITED **600+**

5 LABORATORIES ESTABLISHED BY INDUSTRY

**Academic Partners:** TCS Tata Consultancy Services | IBM | sas | IIDE The Digital School | Cambridge

**FOREIGN UNIVERSITY COLLABORATIONS:** UNLV | 岩手県立大学 | GIIM | Brunel University London | Richard A. Chaifetz School of Business Saint Louis University | Rennes School of Business

**MORE THAN 8000+ CERTIFICATION:** Harvard Business School | edX | LinkedIn Learning | Cambridge | coursera

**STUDY ABROAD PROGRAM** — USA, CANADA, UK, AUSTRALIA & SINGAPORE

**One of the Leading University for 6G Projects, Government of India**

**PARTICIPATE IN OFFLINE IEMJEE 2024 EXAM TO AVAIL EXCELLENT SCHOLARSHIPS**

**APPLY ONLINE: www.uem.edu.in**

**Admission Helplines:** 9887313330, 9887806930, 9887413330, 9887613330

Campus: 'Gurukul', Udaipuria Mod, Sikar Road, 6 Kms. from Chomu, Jaipur - 303807 (Raj.)
City Office: 210-212, IInd Floor, Apex Tower, Lalkothi, Tonk Road, Jaipur | M: 9887933330